रोहतक
गुरुवार, 3 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 153
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 37.4
न्यून. 24.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,409.69 | 287.60 ▼ |
| निफ्टी | 25,453.40 | 88.40 ▼ |
| **धातु** | **कीमत** | **उछाल** |
| सोना | 99,170/- | 500/- ▼ |
| चांदी | 1,04,800/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.68 | 9 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 67.69/ बैरल 0.86% ▲
पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।






## 18 से 45 साल के लोगों पर रिसर्च, अचानक मौतों की वजह जेनेटिक्स और बदलता लाइफस्टाइल

# आईसीएमआर की रिसर्च में दावा : कोरोना के बाद अचानक होने वाली मौतों का वैक्सीन से कोई संबंध नहीं, भारत की वैक्सीन सुरक्षित एवं प्रभावशाली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना के बाद हार्टअटैक के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। कोई पैदल चलते हुए तो कोई बैठे-बैठे तो कोई खलते हुए हार्ट अटैक का शिकार हो रहा है। लगातार बढ़ रहे इन मामलों को लेकर ऐसा दावा किया गया कि कोविड वैक्सीन के कारण ये हो रहा है। हालांकि इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर), एम्स और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) के रिसर्च में दावा किया गया है कि देश में हार्टअटैक से होने वाली अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह रिसर्च 18 से 45 साल के लोगों की अचानक मौत पर आधारित है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। अध्ययन में कहा गया है कि भारत की कोविड वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावशाली है। इससे होने वाले गंभीर साइडइफेक्ट के मामले रेयर हैं। स्टडी में बताया गया है कि अचानक हुई मौतों की अन्य वजहें हो सकती हैं। जैसे जेनेटिक्स, बदलता लाइफस्टाइल, पहले से मौजूद बीमारी और कोविड के बाद के कॉम्प्लिकेशंस हैं।

## वैक्सीन से गंभीर साइड इफेक्ट के मामले बेहद कम

### इन लोगों पर रिसर्च

आईसीएमआर, एम्स और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) ने मिलकर यह रिपोर्ट तैयार की है। इसमें 18 से 45 साल के उन लोगों का सैंपल लिया गया है। जिनकी 1 अक्टूबर, 2021 और 31 मार्च, 2023 के बीच अचानक मौत हो गई थी। भारत में दो कोविड वैक्सीन विकसित हुई थीं। भारत बायोटेक ने आईसीएमआर के सहयोग से कोवैक्सिन का निर्माण किया था। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से कोवीशील्ड बनाई थी।




## ये दो तरह की रिसर्च

**पहली : कोविड वैक्सीन से अचानक मौत का जोखिम नहीं**
आईसीएमआर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी (एनआईई) ने मई, 2023 से अगस्त, 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों पर स्टडी की। इसमें ऐसे लोगों का डेटा देखा गया जो स्वस्थ दिख रहे थे, लेकिन अक्टूबर, 2021 से मार्च, 2023 के बीच अचानक उनकी मौत हो गई। नतीजों से पता चला कि कोविड वैक्सीन अचानक मौत का जोखिम नहीं बढ़ाती।

**दूसरी : अधिकतर मौतों का कारण जेनेटिक म्यूटेशन**
ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स) व आईसीएमआर की मदद से की जा रही है। इसका लक्ष्य युवाओं की अचानक मौतों के कारण पता लगाना है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार दिल का दौरा, मायोकार्डियल इंफार्क्शन (एमआई) इस उम्र में अचानक मौत का प्रमुख कारण है। कई सालों में अचानक मौत के कारणों के पैटर्न में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। अधिकतर मौतों का कारण जेनेटिक म्यूटेशन है।

## अंदर के पन्नों पर

- 5 मिनट का रिस्पोंस टाइम, कंट्रोल रूम का फोन नहीं उठाया पेज-3
- सलामी बल्लेबाज यशस्वी का शानदार अर्धशतक पेज-7
- कांग्रेस और राजद को बस कुर्सी चाहिए, भाजपा की प्रेरणा सिर्फ राष्ट्र निर्माण पेज-8

# कुरुक्षेत्र में मारकंडा का तटबंध टूटा, कई गांवों में फसलें डूबीं

### सात गांव प्रभावित, ग्रामीणों में भय का माहौल, सिंचाई विभाग की टीमें तटबंध को दुरुस्त करने में जुटी, यमुनागर के भी कई गांवों में घुसा पानी, प्रशासन रख रहा कड़ी नजर

**पहाड़ों पर हो रही बारिश का हरियाणा में दिख रहा असर**

**मारकंडा, सोमनदी और घग्गर में उफान के चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

**सिंचाई विभाग के अधिकारी बोले, लोग घबराएं नहीं किसी को परेशानी नहीं होगी**

**कुरुक्षेत्र/फतेहाबाद/यमुनानगर (हरिभूमि न्यूज)।** पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश का असर हरियाणा में भी दिखने लगा है। प्रदेश में कई दिन हुई बरसात के कारण मारकंडा, सोमनदी और घग्घर नदी में उफान आ गया है। इसके कारण कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और फतेहाबाद के लोगों में दहशत का माहौल है। मंगलवार देर रात कुरुक्षेत्र के इस्माईलाबाद में गांव नैंसी में मारकंडा नदी का तटबंध टूट गया। इसके कारण 7 गांवों के खतों में खड़ी फसलों में पानी भर गया। किसानों को भारी नुकसान का अंदेशा है। कई गांवों में भी मारकंडा का पानी घुस गया। इससे ग्रामीणों में भय का महौल है। हालांकि तटबंध को बंद किए जाने के लिए सिंचाई विभाग की टीमें लगाई गई हैं, जोकि मारकंडा नदी के तटबंध को दुरुस्त करने में जुटी है। नैंसी गांव के पास टूटे तटबंध से बड़ी मात्रा में पानी निकलने लगा, जिसके चलते थांदडो, शेरगढ़, मढाढो, जंधेडी, जैतपुरा, दानीपुर, ज्योतपुर आदि गांवों के लोगों के लिए खतरा पैदा हो गया है। पिहोवा के एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारी तटबंध को दुरुस्त करने में लगे हैं।



### चारा खराब हो रहा

ग्रामीण पंजाब सिंह ने कहा कि वर्ष 2023 में भी मारकंडा नदी में बहुत अधिक पानी आया था। तब भी प्रशासन को लिखा गया था, लेकिन समस्या का हल नहीं हुआ है। उनके घर में पानी भरा हुआ है। खेतों में पशुओं का चारा खराब हो गया। ग्रामीण मायाराम ने कहा कि गांव ठसका से गांव नलवी तक खेतों में पानी बह रहा है। घरों में पानी बह रहा है।

### यू बढ़ा घग्घर का जलस्तर

- 29 जून को गुहला चीका में सुबह 6 बजे 4620 क्यूसिक पानी था। शाम को यहां पानी का बहाव 3850 क्यूसिक हो गया। चांदपुरा में सुबह 800 व शाम को 900 क्यूसिक पानी का बहाव था।
- एक जुलाई को गुहला चीका में 23912 व चांदपुरा में 1300 क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया।
- दो जुलाई को सुबह 6 बजे गुहला चीका में 22176, खनौरी में 5800 व चांदपुरा में 3550 क्यूसिक पानी का बहाव था। दो जुलाई को शाम की रिपोर्ट के अनुसार गुहला चीका में 20020, खनौरी में 6000 तो चांदपुरा में रिकार्ड स्तर 5350 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया।

## फतेहाबाद : घग्घर नदी में लगातार बढ़ रहा जलस्तर

**फतेहाबाद।** हिमाचल की शिवालिक की पहाडियों में हो रही बारिश के कारण फतेहाबाद के जाखल से गुजरने वाली घग्घर नदी का जलस्तर लगातार बएता जा रहा है। सिंचाई विभाग ने बुधवार शाम को गुहला चीका में 20020, खनौरी में 6000 व चांदपुरा में 5350 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया। प्रशासन लगातार इस पर नजर रखे हुए हैं। मंगलवार को गुहला चीका हेड पर 23,912 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया था। चांदपुरा साइफन हेड पर जलस्तर सोमवार शाम के 900 क्यूसेक से बढक्रर मंगलवार सुबह 1,300 क्यूसेक तक पहुंच गया था। नदी किनारे बसे लोगों में चिंता बढ़ने लगी है। घग्गर नदी की कुल जल क्षमता 22,000 क्यूसेक है, लेकिन मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। इसको देखते हुए किसान और निवासी चिंतित हैं। जुलाई 2023 में आई बाढ़ से हुए नुकसान की यादें अभी भी क्षेत्रवासियों के जेहन में ताजा हैं।

**■ चांदपुरा साइफन में 24 घंटे में 4 गुणा बढ़ा पानी का डिस्चार्ज**

### रंगोई नाले की क्षमता 8500 क्यूसिक

सिंचाई विभाग ने घग्घर में अतिरिक्त पानी आने की स्थिति में इसे रंगोई नाला में डायवर्ट करने की योजना बनाई है। इस समय रंगोई नाला की क्षमता 8500 क्यूसिक है। बता दें कि बीते वर्ष रंगोई नाला टूट गया था, जिससे पानी फतेहाबाद के गांवों की ओर आ गया। दरअसल, फतेहाबाद के जाखल खंड के शक्करपुरा गांव के पास हुई, जहां नाले में 100 फुट की दरार आ गई। नाले की क्षमता 8500 क्यूसेक है, लेकिन 48 घंटों में इसमें 13,000 क्यूसे से अधिक पानी आ गया था। जिसके कारण नाले में दरार आई थी। टोहाना के एसडीओ संजीव सिंगला ने बताया कि प्रशासन संभावित बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**प्रदेश सरकार ने जारी की अधिसूचना**

## पार्ट टाइम और दैनिक वेतनभोगी कर्मियों की वेतन दरों में संशोधन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने अपने पार्ट टाइम और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए वेतन दरों में संशोधन किया है। बढ़ी दरें 1 जनवरी, 2025 से प्रभावी होंगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। संशोधित दरों के अनुसार दो वेतन स्लैब बनाए गए हैं। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अनुसार यदि किसी पार्ट टाइम या दैनिक वेतनभोगी का मासिक वेतन 19,900 रुपये है तो उसका दैनिक वेतन 765 रुपये, प्रति घंटा वेतन 96 रुपये निर्धारित किया है। अगर कोई कर्मचारी महीने में प्रतिदिन एक घंटा काम करता है तो उसे प्रतिमाह 2487 रुपये वेतन मिलेगा। यदि निगम द्वारा किसी कर्मचारी का वेतन 24,100 निर्धारित किया गया है तो उसका दैनिक वेतन 927 रुपये जबकि प्रति घंटा 116 रुपये निर्धारित किया गया है। अगर कोई कर्मचारी महीने में प्रतिदिन एक घंटा काम करता है तो उसे प्रतिमाह 3012 रुपये वेतन मिलेगा। सरकार ने ग्रुप-सी और ग्रुप डी के सरकारी नियमित कर्मचारियों के लिए प्रतिपूरक अवकाश प्रदान हरियाणा सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 2016 में संशोधन की अधिसूचना जारी कर दी है।

**ग्रुप-सी और ग्रुप डी के नियमित कर्मचारियों को मिलेगा प्रतिपूरक अवकाश**

### ये भी अहम फैसले

- कोई कर्मचारी छुट्टी वाले दिन ड्यूटी पर जाता है, तो वह अगले एक माह के भीतर मनचाहे किसी भी दिन कॉम्प ऑफ (छुट्टी) ले सकेगा। यह कॉम्प ऑफ संबंधित छुट्टियों और स्टेशन लीव के साथ भी लिया जा सकता है।
- किसी भी हालत में कॉम्प ऑफ कुल 16 दिनों से ज्यादा नहीं मिलेंगे। एक माह में कॉम्प ऑफ नहीं लिया तो वह एक्सपायर हो जाएगा।
- सभी नियमित महिला कर्मचारियों को हर साल 25 आकस्मिक अवकाश (कैजुअल लीव) मिलेंगे। पुरुष कर्मचारियों को 10 आकस्मिक अवकाश मिलेंगे।
- सेवा के दौरान कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो उसका परिवार या तो दो साल के लिए किराया भत्ता ले सकेगा या दो साल के लिए सरकारी आवास रख सकेगा।

## खबर संक्षेप

### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और 21 अगस्त को समाप्त होगा। सत्र पहले निर्धारित कार्यक्रम की तुलना में एक सप्ताह अधिक समय तक चलेगा, जिसका मतलब है कि इस दौरान काफी कामकाज होगा। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 21 जुलाई से सत्र आहूत करने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भाषा

### शेख हसीना को छह माह जेल की सजा



**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने छह महीने की जेल की सजा सुनाई। न्यायाधीश मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 की तीन सदस्यीय पीठ ने यह फैसला दिया। भाषा

### अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भगवती नगर बेस कैंप से जत्थे को झंडी दिखाई। इस दौरान श्रद्धालु 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाते रहे। आधिकारिक तौर पर यात्रा 3 जुलाई से होगी। वहीं, पंजाब के पठानकोट से भी यात्रियों के जत्थे को रवाना किया। यहां से श्रद्धालु बालटाल होकर बाबा बर्फानी की गुफा पहुंचेंगे। इस बार अमरनाथ यात्रा 38 दिन तक चलेगी। भाषा

## सोनिय और राहुल 2000 करोड़ की एजेएल कंपनी को चाहते थे हड़पना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता सोनिया और राहुल गांधी 2,000 करोड़ रुपये की कंपनी 'एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड' (एजेएल) की संपत्ति हड़पना चाहते थे। यह कंपनी नेशनल हेराल्ड अखबार की प्रकाशक है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने नेशनल हेराल्ड मामले में संज्ञान के बिंदुओं पर दलीलें सुन रहे थे। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस वी राजू ने कहा कि एजेएल ने करोड़ों की संपत्ति होने के बावजूद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) से 90 करोड़ रुपये कर्ज लिये थे। यंग इंडियन में सोनिया और राहुल के पास 76 प्रतिशत शेयर थे।

**ईडी ने लगाए आरोप, कांग्रेस नेताओं की बढ़ेंगी मुश्किलें**

## हरियाणा में ग्रुप-डी के 7596 पदों के लिए रिजल्ट घोषित

चंडीगढ़(ब्यूरो)। हरियाणा में बुधवार देर रात ग्रुप डी की भर्ती का रिजल्ट जारी कर दिया गया। रात 10.10 बजे हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा- मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि ग्रुप डी के 7596 पदों के परिणाम आयोग द्वारा घोषित कर दिए गए हैं। सभी चयनित अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **http://hssc.gov.in/result** पर रिजल्ट देख सकते हैं। इस बार सामान्य वर्ग की कटऑफ सबसे ज्यादा 74 रही। ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) और बीसी-बी वर्ग की कटऑफ 73 रही। वहीं बीसी-ए वर्ग के लिए कट-ऑफ 71.76 रही। ओएसी की कटऑफ 68.27 और डीएससी (वंचित सामाजिक श्रेणी) की कटऑफ 66.83 अंक रही।

**जनरल की कटऑफ 74 रही, वेबसाइट पर देखें रिजल्ट**

## अब ओला-उबर पीक आवर्स में दोगुना किराया वसूल सकेंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओला, उबर, रैपिडो अब पीक आवर्स में दोगुना तक किराया वसूल सकती हैं। केंद्र सरकार ने गाइडलाइंस जारी करके एप बेस्ड टैक्सी सर्विसेस को ऐसा करने की मंजूरी दी है। सरकार ने 3 महीने में (सितंबर तक) नए नियम लागू करने को कहा है। अभी तक यह डेढ़ गुना है। गैर व्यस्त समय के लिए किराया आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत होना चाहिए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने 'मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश-2025' में कहा है कि 'एग्रीगेटर को उप-खंड (17.1) के तहत निर्दिष्ट आधार किराये से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा अधिकतम दोगुना मूल्य निर्धारण की अनुमति होगी।

**■ ड्राइवर ने राइड कैंसिल की तो 10 फीसदी जुर्माना**

## रिलायंस कम्यूनिकेशन का लोन खाता अब फ्रॉड श्रेणी में डाला जाएगा



**एसबीआई ने दिया अनिल अंबानी को झटका**

**31,580 करोड़ के लोन खाते को धोखाधड़ी घोषित किया**

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत करने और इसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रिपोर्ट करने का फैसला किया है। दरअसल, रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी सहयोगी कंपनियों ने बैंकों से 31,580 करोड़ रुपये का लोन लिया था। इस लोन के इस्तेमाल को लेकर एसबीआई ने गहन जांच की और पाया कि कई स्तरों पर नियमों का उल्लंघन हुआ है. इसके बाद समिति ने लोन खाते को 'फ्रॉड' घोषित करने की सिफारिश की। इससे अनिल अंबानी को बड़ा झटका लगा। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे एसबीआई से इस संबंध में 23 जून का एक पत्र मिला है। बैंक की 'धोखाधड़ी पहचान समिति' को कर्ज के निर्धारित से अलग इस्तेमाल का पता चला है।

## दिल्ली-एनसीआर में डिज्नीलैंड बनाने की तैयारी, शेखावत से मिले सीएम नायब

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा को पर्यटन की दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इससे पर्यटन और उद्योग को नई पहचान मिलेगी। अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इस नई कार्ययोजना के तहत हरियाणा सरकार दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में डिज्नीलैंड बनाने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही, राज्य को वैश्विक मंच पर तीर्थाटन के रूप में स्थापित करने के लिए सूरजकुंड में हर वर्ष तीन मेलों का आयोजन करने तथा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को ओर बड़े रूप में मनाने के लिए केंद्र सरकार से आर्थिक सहयोग की अपील की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इन परियोजनाओं के संबंध में बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के साथ हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने व वैश्विक मानचित्र पर पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए सहयोग मांगा।

**सैनी बोले, पर्यटन की दृष्टि से हरियाणा को नई पहचान मिलेगी**

**■ सूरजकुंड में एक साल में 3 मेले लगेंगे**



### आर्थिक-सामाजिक लाभ मिलेंगे

सैनी ने कहा कि डिज्नीलैंड हरियाणा, खासकर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला अवसर साबित होगा। इस डिज्नीलैंड से प्रदेश के साथ-साथ देश को आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक लाभ मिलेंगे। डिज्नी लैंड के लिए गुरुग्राम सबसे आदर्श स्थान होगा। इस परियोजना के लिए पचगांव चौक के पास मानेसर, जिला गुरुग्राम में लगभग 500 एकड़ भूमि को चिन्हित किया है।

**घाना में पीएम का भव्य स्वागत, 21 तोपों की सलामी दी, राष्ट्रपति महामा के साथ द्विपक्षीय बैठक की**

**ब्राजील में शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे**

*नेहरू, नरसिम्हा राव के बाद घाना जाने वाले तीसरे पीएम, मोदी बोले-हम घाना के राष्ट्र निर्माण की यात्रा में सह-यात्री*

# आतंक के खिलाफ घाना का भारत को समर्थन दोनों देशों के बीच चार समझौते

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ब्राजील समेत 5 देशों की एक सप्ताह की यात्रा के पहले चरण में बुधवार को घाना पहुंचे। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने राजधानी एक्रॉ में एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया। मोदी को 21 तोपों की सलामी के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद मोदी होटल पहुंचे, जहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। होटल के बाहर भारतीय वेशभूषा में पहुंचे स्कूली बच्चों ने मोदी को संस्कृत में श्लोक सुनाया। इसके बाद उन्होंने घाना के राष्ट्रपति के साथ राजधानी अक्कारा के जुबली हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों देशों के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इस मौके पर घाना ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का समर्थन किया और आतंक को मानवता का दुश्मन बताया। मोदी ने कहा कि भारत घाना के राष्ट्र निर्माण की यात्रा में सिर्फ साझेदार ही नहीं बल्कि सह-यात्री भी हैं। बता दें कि यह किसी भी भारतीय पीएम की 30 सालों में पहली घाना यात्रा है। इससे पहले 1957 में पंडित जवाहरलाल नेहरू और 1995 में नरसिम्हा राव बतौर पीएम घाना पहुंचे थे।




### दोतरफा व्यापार दोगुना करेंगे

वार्ता के बाद मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने अगले पांच वर्षों में दोतरफा व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है और भारत घाना की विकास यात्रा में न केवल भागीदार है, बल्कि सह-यात्री भी है। दोनों नेताओं के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक मोदी के पश्चिम अफ्रीकी देश की राजधानी पहुंचने के कुछ घंटे बाद हुई। मोदी पांच देशों की यात्रा के पहले चरण में घाना पहुंचे हैं। दोनों पक्षों ने संस्कृति और पारंपरिक चिकित्सा समेत कई क्षेत्रों में चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

### इन देशों की यात्रा भी करेंगे पीएम


घाना के बाद पीएम मोदी त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील व नामीबिया जाएंगे। 2014 से अब तक के तीन कार्यकाल में, पीएम की त्रिनिदाद एंड टोबैगो और नामीबिया में भी पहली यात्रा होगी। मोदी ब्राजील में ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे। घाना में मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया और यूरोप में संघर्षों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और बातचीत एवं कूटनीति के माध्यम से समस्याओं का समाधान तलाशने का आह्वान किया। मोदी ने कहा, 'यह युद्ध का युग नहीं है, समस्याओं का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से किया जाए।





# आरती सिंह राव

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, शोध और
आयुष मंत्री हरियाणा सरकार

राव इन्द्रजीत सिंह
केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार

को
जन्मदिन
की
हार्दिक
शुभकामनाएं







## आरती राव : हरियाणा की राजनीति का चमकता सितारा

रेवाड़ी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री राजा राव बिरेंद्र के बेटे राजा राव इंद्रजीत सिंह के घर 3 जुलाई 1979 के दिन जन्मी आरती राव ने जिस तरह से वर्ष 2005 के एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खास पहचान बनाने का कार्य किया, वहीं पिछले विधानसभा चुनावों में अटेली हलके से विधायक बनने के साथ ही सक्रिय राजनीति में धमाकेदार अंदाज में पर्दापर्ण किया। अपने दादा और पिता की राह पर चलते हुए आरती राव राजनीतिक विरासत संभालने के लिए वैसे तो वर्ष 2009 में ही पिता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने लगी थीं, परंतु वास्तव में मजबूत राजनीति की नींव वर्ष 2024 के विधानसभा चुनावों में रखी गई। विरोधियों के तमाम प्रयासों और एकजुटता के साथ हराने के संकल्प को तार-तार करते हुए आरती राव ने हरियाणा विधानसभा में प्रवेश किया। समूचे दक्षिणी हरियाणा और अहीरवाल में उनके पिता दिग्गज नेता व केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भाजपा को उम्मीद से बढ़कर सफलता दिलाई, जिसकी बदौलत ही भाजपा प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने में सफल रही। आरती राव कैबिनेट मंत्री बनने के बाद समूचे क्षेत्र में जमकर विकास कराने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही हैं। आम कार्यकर्ता को पूरा सम्मान देते हुए उनकी समस्याओं को हल करना प्राथमिकता में शामिल हो चुका है। आरती राव का राजनीतिक भविष्य काफी लंबा है। आज उनका जन्मदिवस है। ऐसे में हम सब मिलकर उनके सुखद, कामयाब और लंबे जीवन की कामना करते हैं।

### स्कीट शूटिंग में लगातार बुलंदियों को छुआ

स्कीट शूटिंग प्रतियोगिताओं में एक के बाद एक पदक हासिल करते हुए आरती सिंह राव ने बुलंदियों को छूने का काम किया है। एशियन गेम्स में वह कई बार पदक जीतकर धुरंधरों को मात दे चुकी हैं। अब राजनीति के मैदान में भी उनकी जबरदस्त तरीके से एंट्री हो चुकी है। पिता राव इंद्रजीत सिंह की तर्ज पर उनके कंधों पर भी न सिर्फ अहीरवाल, बल्कि पूरे प्रदेश की उम्मीदों का भार टिक चुका है। जिस तरह से उन्होंने गेम्स में जबरदस्त सफलता हासिल की है, उसी तरह से राजनीति के मैदान में भी वह बुलंदियों की ओर अग्रसर हैं।

### समर्थकों को एकसूत्र में पिरोने का संकल्प

जिस तरह से केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अपने पिता के पुराने समर्थकों को लगातार एकसूत्र में पिरोए रखते हुए उनके सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं किया, ठीक उसी तरह से पिता के समर्थकों को आरती राव की ओर से पूरा मान-सम्मान दिया जा रहा है। राव परिवार के नए व पुराने समर्थकों को आरती राव से बड़ी उम्मीदें हैं। उन्हें राजनीति के ऊपरी पायदान तक पहुंचाने के लिए समर्थन लगातार प्रयासरत हैं। आरती राव भी समर्थकों को एकसूत्र में पिरोए रखने के संकल्प के साथ राजनीति के मैदान में आगे बढ़ रही हैं।



नीलम रायपुर
जिला उप-प्रमुख रेवाड़ी



अनिल रायपुर
प्रमुख समाजसेवी


• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक

पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111


# पांच मिनट का रिस्पोंस टाइम, कंट्रोल रूम का फोन नहीं उठाया, दो ईएचसी सस्पेंड व दो एसपीओ बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

■ मंगलवार की रात लंबी तानकर साता रहा ईआरवी स्टाफ

डायल-112 पर कॉल करने के बाद रिस्पोंस टाइम पांच मिनट का है। मंगलवार की रात पुलिस कंट्रोल रूम के पास एक कॉल आई, तो कंट्रोल रूम की ओर से ईआरवी स्टाफ को फोन किए गए। किसी ने भी फोन अटैंड नहीं किए। इसके बाद एसएचओ ने भी ईआरवी स्टाफ को फोन किए, परंतु किसी ने भी फोन अटैंड नहीं किए। एसपी ने इसे घोर लापरवाही मानते हुए बावल में तैनात ईआरवी 570 पर तैनात दो ईएचसी सस्पेंड कर दिए, जबकि दो एसपीओ की सेवाएं बर्खाख्त कर दीं। डायल-122 पर की जाने वाली कॉल्स पुलिस कंट्रोल रूम को मिलती हैं। इसके बाद कंट्रोल रूम की ओर से संबंधित एरिया में सबसे पास मौजूद ईआरवी को इवेंट दिया जाता है। ईआरवी को सूचना के पांच मिनट के अंदर मौके पर मदद के लिए पहुंचना होता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रात को बावल क्षेत्र से कंट्रोल रूम को एक कॉल मिली थी। जिस एरिया से कॉल आई थी, उसके आसपास ईआरपी 570 मौजूद थी। कंट्रोल रूम की ओर से ईआरवी स्टाफ को कई बार कॉल्स की गई, परंतु स्टाफ में तैनात किसी भी कर्मचारी ने कॉल अटैंड नहीं की। कंट्रोल रूम की ओर से एसएचओ से संपर्क किया गया। इसके बाद एसएचओ की ओर से भी ईआरवी स्टाफ में शामिल कर्मियों के सरकारी और प्राइवेट दोनों नंबरों पर कॉल की गई। किसी ने भी न तो कंट्रोल रूम का फोन उठाया और न ही एसएचओ का। इसके बाद एसएचओ की ओर से कंट्रोल रूम को मिली कॉल पर स्टाफ भेजा गया।

## एसपी के संज्ञान में आते ही तुरंत एक्शन



रात को ही एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा को इस बात की जानकारी मिल गई कि संबंधित ईआरवी का स्टाफ कॉल अटैंड नहीं कर रहा है। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए एसपी ने ईआरवी पर तैनात ईएचसी धर्मेंद्र व दीपचंद को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करते हुए लाइन भेजने के आदेश जारी किए गए। इस ईआरवी पर तैनात एसपीओ बलवान व पवन को बर्खास्त कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बाद में एक कर्मचारी की नींद टूटी तो, उसने कंट्रोल रूम और एसएचओ से सपर्क भी किया। तब तक काफी देर हो चुकी थी। एसपी के तुरंत एक्शन से अन्य ईआरवी स्टाफ की सुस्ती भी टूट गई है। एसपी से एक्शन से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

# बिजली लाइन में फाल्ट ठीक कर रहे दो कर्मचारियों को करंट लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

■ सब स्टेशन से बंद नहीं करवाई थी बिजली सप्लाई

जिला के गांव छतरियां व आनंदगढ़ क्षेत्र के खेतों में विद्युत लाइन पर कार्य करते समय दो लाइनमैन करंट की चपेट में आ गए। घायलों को ओढां के एक निजी अस्पताल में लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सिरसा रैफर कर दिया गया। वहीं इस घटना के बाद विद्युत विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव छतरियां व आनंदगढ़ क्षेत्र में बीते सोमवार शाम को एपी फीडर में खराबी आ गई थी। जिसके बाद लाइनमैन सुरेंद्र निवासी गांव दारेवाला व रामदयाल निवासी गांव बनवाला दोनों एक वृक्ष की टहनियों की वजह से आए फॉल्ट को दूर करने के लिए लाइन पर लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक दोनों लाइनमैन करंट की चपेट में आ गए। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि उक्त कार्य के दौरान दोनों लाइनमैनों ने पन्नीवाला मोटा 33 केवी सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति बंद नहीं करवाई थी, वे अपने स्तर पर तारों पर चैन डालकर आपूर्ति बंद कर कार्य कर रहे थे।

## ऐसे हुआ हादसा

विभाग के कालांवाली उपमंडल के एसडीओ विक्रमजीत ने बताया कि दोनों कर्मचारी करंट की चपेट में आए हैं। उन्होंने सब स्टेशन से आपूर्ति बंद क्यों नहीं करवाई और अगर उन्होंने चैन डालकर आपूर्ति बंद की थी तो करंट कैसे आया। दोनों कर्मचारी खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। वहीं जब इस मामले में पन्नीवाला मोटा सब स्टेशन में संपर्क किया गया तो उन्होंने भी कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति बंद न करवाने की बात कही।

# हत्या कर फरार हुई महिला 16 साल बाद बिहार के गया से काबू



**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने वर्ष 2009 में हत्या के मामले में मुख्य आरोपी रामुदित भारती निवासी जिला गया बिहार की पत्नी मंजु देवी उर्फ सरोज देवी को जिला गया बिहार से गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी रामुदीत पुत्र विफन भैया निवासी बेला जिला गया बिहार को पहले ही गिरफ्तार करके पांच दिन पुलिस हिरासत प्राप्त की गई। उन्होंने बताया कि थाना शहर सिरसा बलविंद्र कुमार पुत्र नसीब चंद निवासी रतेवाल थाना काठगढ़ जिला नवांशहर पंजाब की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान आरोपी रामुदित भारती पुत्र विफन भैया निवासी जिला गया बिहार की पत्नी मंजु देवी उर्फ सरोज देवी को भी रात को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे आज अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस मामले में महिला से पूछताछ कर रही है।

# दाव विक्रेता को एमटीपी किट उपलब्ध करवाने का आरोपी गिरफ्तार, केस



**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने अवैध रूप से एमटीपी किट उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव जाट सायरावास निवासी नरेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। स्वास्थ्य विभाग को गांव राजपुरा खालसा निवासी बीरसिंह की ओर से अवैध रूप से एमटीपी किट बेचने की सूचना मिली थी। गत 25 मई को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव किशनगढ़ के यादव मेडिकल स्टोर पर छापा मारा था। टीम ने योजना के तहत एक नकली ग्राहक बनाकर मेडिकल स्टोर संचालक के पास भेजा था। मेडिकल संचालक बीरसिंह ने 1 हजार रुपये लेकर नकली ग्राहक को एमटीपी की किट दी थी, जिसके बाद टीम ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया था तथा मेडिकल स्टोर को सील कर दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर में एमटीपी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके आरोपी बीरसिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

# रिश्वत मांगने के आरोप में श्रम विभाग के दरोगा सहित दो पर केस

■ व्यवसाय पंजीकरण आवेदन को मंजूरी देने के लिए 5000 रुपये मांगने का आरोप, 3500 रुपये पहले ले चुके थे दोनों

**गुरुग्राम।** व्यवसाय का पंजीकरण कराने के नाम पर रिश्वत मांगने पर एंटी कप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने श्रम विभाग के इंस्पेक्टर सहित दो कर्मचारियों पर केस दर्ज किया है। आरोपियों ने व्यवसाय पंजीकरण आवेदन को मंजूरी देने की एवज में पांच हजार रुपए मांगे थे। जबकि 3,500 रुपए नकद भी लिए जाने का आरोप है। दरअसल, शिकायतकर्ता नवीन कुमार ने दिसंबर 2023 में एसीबी को शिकायत दी थी कि क्वेरियन एजुकेशन अब्रॉड नामक एक प्राइवेट कंपनी ने अपने वाणिज्यिक प्रतिष्ठान के पंजीकरण के लिए श्रम विभाग के पोर्टल पर पांच बार आवेदन किया था। लेकिन हर बार श्रम निरीक्षक मनोज कुमार ने बिना किसी वैध कारण के आवेदन को खारिज कर दिया। जबकि सभी आवश्यक दस्तावेज़ जमा करने और पूरा सरकारी शुल्क अदा करने के बावजूद आवेदन बार-बार अस्वीकार कर दिया गया। जिसके बाद 21 सितंबर 2023 को नवीन कुमार श्रम विभाग कार्यालय, गुरुग्राम गया तो मनोज कुमार ने उससे कहा कि सरकारी शुल्क कम जमा करने के चलते आवेदन कैंसिल किया गया है।

## पीड़ित ने कॉल रिकॉर्ड का ओडियो एसीबी को सौंपा

नवीन ने पूरा शुल्क जमा करने की रसीद दिखाई तो मनोज ने उसे फिर से आवेदन करने और व्यक्तिगत रूप से मिलने को कहा। नवीन ने पोर्टल पर फिर से आवेदन किया। जिसके लिए मनोज कुमार और क्लर्क अंकित कुमार ने आवेदन को मंजूर करने के लिए पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगी और 22 सितंबर 2023 को 3,500 रुपए नकद ले लिए। नवीन ने तमाम बातचीत की रिकॉर्डिंग कर ली। इस रिकॉर्डिंग को उसने एसीबी अधिकारियों को सौंप दी। जांच के दौरान आरोपियों की वॉइस सैंपल लेकर मधुबन की फॉरेंसिक लैब में भेजी गई, जहां यह उनकी आवाज़ से मेल खा गई। जिसके बाद अप्रैल 2025 में एसीबी ने अपनी रिपोर्ट अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को भेजी और एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की। जिसके बाद एसीबी ने इंस्पेक्टर व क्लर्क पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


हरियाणा सरकार

"शहरी क्षेत्र हमारे विकास केंद्र हैं। हमें शहरी निकायों को अर्थव्यवस्था के विकास का केंद्र बनाना होगा।"
- नरेन्द्र मोदी
लोक सभा एवं हरियाणा विधान सभा के समन्वय से आयोजित
राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों (ULBs) के अध्यक्षों का
राष्ट्रीय सम्मेलन
3 एवं 4 जुलाई, 2025
उद्घाटन
श्री ओम बिरला
अध्यक्ष, लोक सभा
गरिमामयी उपस्थिति
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
श्री मनोहर लाल
केन्द्रीय मंत्री, आवास एवं शहरी कार्य तथा बिजली
अध्यक्षता
श्री हरविन्द्र कल्याण
अध्यक्ष, हरियाणा विधान सभा
3 जुलाई, 2025 | प्रात: 10:00 बजे | ICAT सेंटर - 2, IMT मानेसर, सेक्टर-11, गुरुग्राम
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप



### संजीव कौशल से मिले सीएम नायब सैनी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल को हरियाणा राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष के तौर पर दूसरी जिम्मेदारी दी गई है। बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और संजीव कौशल के बीच औपचारिक मुलाकात हुई।

### प्रदेश के दो एचसीएस अफसरों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से दो एचसीएस अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव ओएसडी हिना बिंदलिश को विदेश सहयोग विभाग के संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। हरियाणा रोडवेज, फरीदाबाद की महाप्रबंधक शिखा को जिला परिषद तथा डीआरडीए, फरीदाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

### आईएएस अधिकारी 30 सितम्बर तक भेज सकते हैं यूपीएस का विकल्प

**चंडीगढ़।** हरियाणा में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत आने वाले आईएएस अधिकारी अब 30 सितम्बर यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विकल्प चुन सकते हैं। मुख्य सचिव द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार विकल्प भेजने की अंतिम तिथि 30 जून से बढ़ाकर 30 सितम्बर, 2025 कर दी गई है। यूपीएस का विकल्प चुनने अधिकारियों को अपना विकल्प निर्धारित प्रपत्र में भरकर मुख्य सचिव कार्यालय की सर्विसेज-3 शाखा में ई-मेल पर भेजना होगा।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मानसून सीजन को लेकर की तैयारियों की समीक्षा

# हर जिले को 4.50, विभाग को 50 लाख दिए, प्रबंध करें, कहीं भी जलभराव न हो

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मौजूदा मानसून सीजन के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी ड्रेनों की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित की जाए और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से बचने के लिए प्रभावी जल निकासी प्रणाली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बरसाती पानी के त्वरित निकासी के लिए पर्याप्त संख्या में पंपों की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न सड़कों, पुलों के निर्माण तथा जल निकासी के लिए भूमिगत पाइपलाइन बिछाने की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि बाढ़ की तैयारियों के लिए प्रत्येक जिले को 4.50 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त, जल निकासी कार्यों के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को 50 लाख रुपये दिए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर राज्य आपदा प्रबंधन कोष के तहत अतिरिक्त धनराशि भी आवंटित की जा सकती है।

### पानी की निकासी के लिए पर्याप्त पंप हों

बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले में उपलब्ध पंपों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पंपों को पूरी तरह चालू स्थिति में रखा जाए ताकि वर्षा जल की निकासी में कोई समस्या न हो। साथ ही उन्होंने सभी उपायुक्तों को अपने जिलों में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, शहरी स्थानीय निकाय, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के पास उपलब्ध पंपों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी उपायुक्त निर्धारित प्रारूप में पंपों की उपलब्धता से संबंधित जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पंप सेटों की निर्बाध संचालन के लिए बिजली बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### ड्रेन साफ की जाएं

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि नगरों एवं शहरों से गुजरने वाले ड्रेनों की समुचित सफाई की जाए ताकि ओवरफ्लो की समस्या उत्पन्न न हो सके। उन्होंने फरीदाबाद में गौंछी ड्रेन को कवर करने की संभावना तलाशने और राज्य की अन्य ड्रेनों के लिए भी इसी प्रकार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### स्थानों की पहचान करें

नायब सिंह सैनी ने कहा कि सभी उपायुक्त अपने-अपने जिलों में बारिश के पानी की निकासी के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने उपायुक्तों को जलभराव के संभावित स्थानों की पहचान कर तदनुसार उचित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

**निर्देश**

### पात्र लाभार्थी को मिले योजनाओं का लाभ

राज्य सरकार का प्रयास प्रत्येक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों के दौरान प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह निरंतर प्रयास है कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में आवेदन खारिज किया जाता है, वहां जनता की संतुष्टि के लिए आवेदक को स्पष्ट और विशिष्ट कारण बताए जाएं। यदि नीतिगत बाधा के कारण किसी विषय का समाधान नहीं हो पा रहा है, तो आवेदन को मुख्य सचिव कार्यालय को भेजें।

### ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, राजेश खुल्लर, डॉ. सुमिता मिश्रा, अरुण गुप्ता, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष विनीत गर्ग, अनुराग अग्रवाल, के. मकरंद पांडुरंग, डॉ. आदित्य दहिया, निगरानी एवं समन्वय विभाग की विशेष सचिव डॉ. प्रियंका सोनी मौजूद रहे।

## भारतीय मानक ब्यूरो ने रोहतक में पंच रत्ना फास्टनर्स प्राइवेट लिमिटेड पर छापा मारा, 360 उत्पाद जब्त

**रोहतक।** जींद रोड स्थित भारतीय मानक ब्यूरो ने रोहतक की मेसर्स पंच रत्ना फास्टनर्स प्राइवेट लिमिटेड पर प्रवर्तन छापा मारा। यह कार्रवाई वितरक के परिसर में की गई, जहां बीआईएस अधिकारियों ने पाया कि इकाई के पास नॉन-आईएसआई मार्क वाले हेक्सागोनल हेड स्क्रू और हेक्सागोनल हेड बोल्ट का स्टॉक मौजूद था। छापेमारी के दौरान बीआईएस अधिकारियों ने पाया कि यह उत्पाद बोल्ट्स, नट्स और फास्टनर्स (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2024 के अंतर्गत अधिसूचित उत्पादों में शामिल हैं। उक्त इकाई द्वारा बिना आईएसआई चिह्न के हेक्सागोनल हेड स्क्रू और बोल्ट का स्टॉक रखा गया था, जो कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के तहत अधिसूचित उत्पाद हैं। बीआईएस की टीम में शामिल उप निदेशक नीरज महतो कुमार और अनंत कुमार द्वारा चलाए गए अभियान में 360 गैर-आईएसआई चिह्नित उत्पादों को जब्त किया गया।

### दो वर्ष तक की सजा, 2 लाख तक जुर्माने का प्रावधान

बीआईएस हरियाणा शाखा के निदेशक रामेश के. ने बताया कि यह उल्लंघन भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है, जिसमें दो वर्ष तक की सजा या 2 लाख तक जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। साथ ही, दस गुना तक जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में शीघ्र ही विधिक कार्रवाई सक्षम न्यायालय में शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि बीआईएस ने यह भी अवगत कराया कि कई इकाइयां नकली आईएसआई मार्क का दुरुपयोग कर उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही हैं।

## संत शिरोमणि दुर्बलनाथ जयंती के लिए सीएम को किया आमंत्रित

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से चंडीगढ़ में सामाजिक, न्याय अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण बेदी के नेतृत्व में खटीक समाज हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 6 सितंबर को हिसार में आयोजित होने वाले संत शिरोमणि दुर्बलनाथ महाराज जी के राज्य स्तरीय जयंती समारोह के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलते हुए संत दुर्बलनाथ शिक्षा समिति, को सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक कार्यों के संचालन हेतु पीलए सेक्टर, हिसार में 781.82 वर्ग मीटर भूमि सरकारी दर पर आवंटित की गई है। मुख्यमंत्री ने समाज के प्रयासों की सराहना की।

**इश्तहार**

**ब अदालत श्रीमान सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी पिल्लु खेडा जींद**
राजेन्द्र आदि बनाम जयभगवान आदि

**अनुमान बटवारा**
**केस नं. 130/AC**
**दिनांक 19.12.23**

उपरोक्त केस राजेन्द्र बनाम जयभगवान रकबा गांव कालवा में सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी पिल्लुखेडा की अदालत में बाबत बटवारा केस राजेन्द्र पुत्र किदारा आदि वासी कालवा ने दायर किया हुआ है। जिसकी आगामी तारीख 12.08.25 मुकर की हुई है। यदि उपरोक्त केस में उतरवादीगण नं. 3, 6, 12, 13, 14, 16, 17, 4, 5, 7 का सही पता ना मिलने के कारण समन की तामिल नहीं हो पा रही है उपरोक्त केस में उतरवादीगण व किसी अन्य को कोई एतराज हो तो दिनांक 26.06.25 असालतन व वकालतन के साथ अदालत में अपना जवाब दावा प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त केस में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**हस्ता/-सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी पिल्लूखेडा**

**इश्तहार**

**ब अदालत श्रीमान सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी पिल्लु खेडा जींद**
राजेन्द्र आदि बनाम सतपाल आदि

**अनुमान बटवारा**
**केस नं. 129/AC**
**दिनांक 19.12.23**

उपरोक्त केस राजेन्द्र बनाम सतपाल रकबा गांव कालवा में सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी पिल्लुखेडा की अदालत में बाबत बटवारा केस राजेन्द्र पुत्र किदारा आदि वासी कालवा ने दायर किया हुआ है। जिसकी आगामी तारीख 12.08.25 मुकर की हुई है। यदि उपरोक्त केस में उतरवादीगण नं. 2, 3, 4, 5, 6, 7, 11. 9 का सही पता ना मिलने के कारण समन की तामिल नहीं हो पा रही है उपरोक्त केस में उतरवादीगण व किसी अन्य को कोई एतराज हो तो दिनांक 26.06.25 असालतन व वकालतन के साथ अदालत में अपना जवाब दावा प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त केस में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**हस्ता/-सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी पिल्लूखेडा**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **रोहित तिग्गा, पुत्रः राजिंदर तिग्गा, निवासीः ग्राम तिंगा पतरा टोली, थाना–लोदाम, जिला–जसपुर, छत्तीसगढ़** और **ग्राम–महारी, बादशाहपुर, बनहारी, जिला–सोनीपत, हरियाणा** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.1029/2022 U/S 279/338 IPC** के तहत एक मामला **थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **रोहित तिग्गा** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **रोहित तिग्गा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.1029/2022 U/S 279/338 IPC, थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **रोहित तिग्गा** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **04.08.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार सुश्री रीतिका जैन**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,**
**कमरा संख्या 105, प्रथम तल,**
**उत्तर–पश्चिम जिला,**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/8648/OD/2025**
**(अदालती मामला)**

**बिजली मंत्री अनिल विज ने दी राय**

### किसानों के लिए वैकल्पिक करें दस हार्स पावर से नीचे के ट्यूबवेल सोलर कनेक्शन

**चंडीगढ़।** दस एचपी के ट्यूबवेल कनेक्शन लेने के लिए इंतजार करने वाले किसानों को लेकर हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज इसे सोलर ट्यूबवेल अनिवार्य करने के हक में नहीं हैं, उन्होंने इसे वैकल्पिक करने की राय रखी है। एक मामले में किसान के उपभोक्ता अदालत में जाने व किसान की जीत के बाद उक्त मामले का उदाहरण देते हुए प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने इसे वैकल्पिक रखे जाने की राय रखी है। मंत्री ने इस बारे में अपना नोट लिखते हुए इसे वैकल्पिक करने के लिए सरकार के सामने अपनी राय रखी है। उल्लेखनीय है कि ट्यूबवेल कनेक्शनों के लिए बड़ी संख्या में किसान लाइन में हैं। अप्रैल में सौर ऊर्जा ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए ऑफर दिया था।

**शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का बयान**

### सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को दी जाएगी मुफ्त कोचिंग

चंडीगढ़। हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर में और अधिक सुधार लाना व विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इसी कड़ी में सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को मुफ्त कोचिंग दी जाएगी, ताकि वे आईआईटी, एनडीए व अन्य परीक्षाओं में सफल हो सकें। इसको लेकर शिक्षा विभाग द्वारा पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत पहले कुछ ब्लाकों में स्कूलों के बेहतरीन शिक्षकों द्वारा स्कूल टाइम के बाद मेधावी विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी। ये प्रोजेक्ट सफल रहा तो प्रदेश भर में लागू किया जाएगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### आज गुरुग्राम में राष्ट्रीय निकाय सम्मेलन का आगाज



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे शुभारंभ

**चंडीगढ़।** देश के पहले राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की तैयारियों के अंतिम रूप को लेकर बुधवार को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मानेसर स्थित आईकैट में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देकर राष्ट्रीय सम्मेलन को यादगार बनाने की बात कही। कल्याण ने कहा कि गुरुग्राम के मानेसर स्थित आईकैट में दो दिवसीय 3 व 4 जुलाई को होने वाले देश के पहले राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन में देशभर के विभिन्न राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों से 500 से अधिक डेलीगेटस आएंगे। सम्मेलन के उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी शामिल होंगे।

### प्रति व्यक्ति जीएसटी संग्रहण 47,082.89, हरियाणा प्रथम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा जीएसटी दिवस मनाया है। 1 जुलाई 2017 से लागू हुए जीएसटी के 8 वर्ष पूरे होने पर राज्य मुख्यालय सहित सभी जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें उद्योग संस्थानों के प्रतिनिधि, टैक्स बार एसोसिएशन एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन ने भाग लिया। वित्त वर्ष 2024-25 में हरियाणा ने कुल 1,19,362 करोड़ की जीएसटी संग्रहण प्राप्त की है, जोकि 2017-18 से औसतन 18.7 प्रतिशत ज्यादा है। आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ ने बताया कि कुल संग्रहण के आधार पर हरियाणा देश के सभी राज्यों में 5वें स्थान पर है। प्रति व्यक्ति जीएसटी संग्रहण 47,082.89 रुपये के साथ हरियाणा बड़े राज्यों में प्रथम तथा समग्र रूप से चौथे स्थान पर है। राज्य में 2024-25 के दौरान 23,253.92 करोड़ एसजीएसटी राजस्व एकत्र किया गया, जोकि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 20,334.23 करोड़ की तुलना में 14.35 प्रतिशत ज्यादा है।

**नोटिस**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि रामसुख पुत्र श्री श्रीराम निवासी पूण्डरी की फौत को चुकी है मरने से पहले एक वसीयतनामा रजिस्टर्ड वसीका नं. 99/3 दिनांक 19.02.2002 को अपने लड़के रमेश कुमार पुत्र श्री रामसुख के हक में की हुई है जिस किसी को ऐतराज हो तो वह व्यक्ति असालतन या वकालतन मेरे हस्ताक्षर होने के बाद 15 दिन में एतराज करे नहीं तो वसीयत मुताबिक वाका मौजा पूण्डरी की सकनी जायदाद की रजिस्ट्री विक्रय पत्र कर दिया जावेगा।

**हस्ता/-सब रजिस्ट्रार, फतेहपुर, पुण्डरी**

**इश्तहार**

**ब अदालत श्रीमान सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी पिल्लु खेडा जींद**
राजेन्द्र आदि बनाम सतपाल आदि

**अनुमान बटवारा**
**केस नं. 131/AC**
**दिनांक 19.12.23**

उपरोक्त केस राजेन्द्र बनाम सतपाल रकबा गांव कालवा में सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी पिल्लुखेडा की अदालत में बाबत बटवारा केस राजेन्द्र पुत्र किदारा आदि वासी कालवा ने दायर किया हुआ है। जिसकी आगामी तारीख 12.08.25 मुकर की हुई है। यदि उपरोक्त केस में उतरवादीगण नं. 9, 10, 11, 12, 13 14, 16, 17 का सही पता ना मिलने के कारण समन की तामिल नहीं हो पा रही है उपरोक्त केस में उतरवादीगण व किसी अन्य को कोई एतराज हो तो दिनांक 26.06.25 असालतन व वकालतन के साथ अदालत में अपना जवाब दावा प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त केस में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**हस्ता/-सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी पिल्लूखेडा**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 01 of 2025-26/बीजीपी दिनांक: 30.06.2025.** उप मुख्य अभियंता/सीओएन, पूर्व रेलवे, भागलपुर, इस्साचक के पास पुलिस लाइन के पीछे, पी.एस. एवं पी.ओ.- भागलपुर - 812001 द्वारा निम्न-लिखित कार्य के लिए ई-टेंडरिंग हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम: निविदा सं. बीजीपी01 of 2025-26 (खुला) (दो पैकेट प्रणाली)** - उप मुख्य अभियंता/सीओएन/बीजीपी के अधिकार क्षेत्र में जमालपुर कार्यशाला में वैगन पीओएच हेतु क्षमता वृद्धि सुविधाओं को 545वीयू से बढ़ाकर 800वीयू प्रति माह करने के लिए सिविल एवं अन्य संबद्ध कार्य; **अनुमानित मूल्य (रु.) :** 39,80,15,172.31; **निविदा दस्तावेजों की लागत (रु.):** 0.00; **बयाना राशि (रु.):** 21,40,100.00; **समापन अवधि:** 18 (अठारह) माह; **समापन तिथि:** 28.07.2025 को 15.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैन्युअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं उसे तुरंत खारिज कर दिया जाएगा।

(CON-19/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद रेवाड़ी | एम.सी. रेवाड़ी में घर-घर से संग्रहण और प्रसंस्करण स्थल (रामसिंह पुरा, बावल) तक परिवहन के लिए वाहन और मैनपावर को किराए पर लेना। | 01.07.2025 08.07.2025 | रु. 97,31,253/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467874888 ecmcrwr1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36175/I/88/6 दि. 02.07.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीएमडीए | जीएमडीए डेटा सेंटर में सिक्योरिटी डिवाइसेस की आपूर्ति, स्थापना, प्रचालन और रखरखाव। | 01.07.2025 30.07.2025 | रु. 9.5 करोड़ (करों और 5 वर्ष के एएमसी समेत) ईएमडी-रु.15,00,000/- | www.gmda.gov.in | 8851491954 adv.gmda@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36176/I/88/6 दि. 02.07.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | एक्सईएन/टीएस डिवीजन, एचवीपीएनएल कैथल के अधिकार क्षेत्र के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 132 केवी पावर कॉलोनी, कैथल में स्थित आवासीय और गैर-आवासीय भवन की सैनीटेशन, स्वीपिंग, स्वैबिंग, क्लीनिंग, बागवानी और वृक्ष संवर्धन, सीवरेज सिस्टम का रखरखाव, कॉलोनी, ऑफिसर आवासों और विश्राम गृह इत्यादि की सिक्योरिटी व्यवस्था की गतिविधियों की आउटसोर्सिंग (01.07.2025 से 31.03.2026 तक) | 26.06.2025 09.07.2025 | रु. 23,52,565/- जीएसटी समेत ईएमडी रु. 47,100/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/36185/I/88/6 दि. 02.07.25

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5916




**बाएँ से दाए-**


1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**

1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -5915 का हल**





## कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन को लेकर सियासी घमासान

# मैं पांच साल तक मुख्यमंत्री रहूंगा: सिद्धारमैया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में कांग्रेस द्वारा नेतृत्व परिवर्तन से इंकार किए जाने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया फॉर्म में आ गए हैं। सुरजेवाला के ऐलान के बाद बुधवार को सिद्धारमैया अलग अंदाज में नजर आए। सिद्धारमैया ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुन-चुनकर हमला बोला। सिद्धारमैया ने कहा कि वे पांच साल तक सीएम रहेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है।

सिद्धरमैया ने कहा कि कांग्रेस एकजुट है और पार्टी की सरकार पांच साल तक चट्टान की तरह मजबूत रहेगी। मीडिया से बातचीत में सिद्धारमैया अलग ही तेवर में नजर आए। उन्होंने कहा कि हां, मैं रहूंगा। आपको इसमें संदेह क्यों है? राजनीतिक हलकों में उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के साल के आखिर तक मुख्यमंत्री बनने की अटकलें लगाई जा रही हैं।



### सुरजेवाला कर्नाटक में सिद्धारमैया के इस्तीफे की 'तैयारी' करने के लिए आए हैं: विजयेंद्र



बेंगलुरु (भाषा)। भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे की 'तैयारी' करने के लिए राज्य में आए हैं। बीवाई विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि राज्य का प्रशासनिक तंत्र ध्वस्त हो चुका है और शासन व्यवस्था अव्यवस्थित हो चुकी है। कांग्रेस विधायकों के बीच आपसी लड़ाई बढ़ती जा रही है। विजयेंद्र ने कहा कि कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला पिछले कुछ दिनों से बेंगलुरु में हैं। वह यहां क्यों हैं। कर्नाटक विस में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने मुख्यमंत्री के तौर पर पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के सिद्धरमैया के दावे के बावजूद बुधवार को कहा कि अक्टूबर या नवंबर में राज्य में नेतृत्व परिवर्तन होगा।

### सिद्धारमैया के बयान पर शिवकुमार बोले मुझे आपत्ति नहीं, मेरे पास विकल्प क्या

बेंगलुरु/चिक्कबल्लापुर। पूरे पांच साल के कार्यकाल के लिए कर्नाटक का मुख्यमंत्री बने रहने के सिद्धरमैया के बयान के बाद उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है और वह सिद्धारमैया का समर्थन करेंगे। शिवकुमार ने उनके पास कोई विकल्प नहीं होने का संकेत देते हुए कहा कि वह कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों का पालन करेंगे। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री के बयान पर कहा कि मेरे पास क्या विकल्प है? मुझे उनके साथ खड़ा होना है, उनका (सिद्धारमैया) समर्थन करना है। मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं है। पार्टी आलाकमान जो भी कहेगा और जो भी चाहेगा, उसे माना जाएगा। क्या पार्टी उनका समर्थन नहीं कर रही जबकि उनके समर्थक सीएम बनते देखना चाहते हैं, मैं इस पर चर्चा नहीं करना चाहता।

### सुरजेवाला ने विधायकों संग की बैठक

इस बीच, कर्नाटक के प्रभारी कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने लगातार तीसरे दिन पार्टी विधायकों के साथ



आमने-सामने की अपनी बैठकें जारी रखीं। यह पूछे जाने पर कि क्या सुरजेवाला की बैठकों से पार्टी में असंतोष कम होगा, शिवकुमार ने कहा कि पार्टी में कोई असंतोष नहीं है। वह (सुरजेवाला) पार्टी और संगठन से जुड़े मामलों पर जवाबदेही तय कर रहे हैं और इस पर विचार कर रहे हैं कि चुनाव की तैयारी अभी से कैसे की जाए। पार्टी के कुछ नेताओं की हालिया टिप्पणियों ने इस वर्ष के अंत में कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को एक बार फिर हवा दे दी है।

## सीईसी से राजद, माकपा और भाकपा (माले) के नेता मिलेंगे

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के नेता बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से मुलाकात कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा उठाएंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि माकपा महासचिव एमए बेबी, भाकपा (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और राजद के सांसद मनोज झा तथा अभय कुमार सिन्हा प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद के विरोध में मुखर हो रहे हैं। बिहार में पहले ही शुरू हो चुका है।

> मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा उठाएंगे

## अब सिर्फ पार्टियों के प्रमुखों से ही बैठक करेगा चुनाव आयोग

नई दिल्ली (भाषा)। निर्वाचन आयोग ने विभिन्न दलों की ओर से ''अनधिकृत'' व्यक्तियों द्वारा ''बार-बार और अलग-अलग'' बैठक के अनुरोध किए जाने के बीच बुधवार को फैसला किया कि वह केवल राजनीतिक दलों के प्रमुखों से इस तरह के संवाद का संज्ञान लेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले कई व्यक्ति बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा के लिए आयोग से समय मांग रहे हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि अब से चुनाव प्राधिकरण 'अनधिकृत व्यक्तियों' के ऐसे अनुरोधों को खारिज कर देगा। कांग्रेस के एक कानूनी सलाहकार ने कई राजनीतिक दलों की ओर से इस मामले को लेकर दो जुलाई को चुनाव आयोग के साथ तत्काल बैठक की मांग की। उन्होंने एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने का दावा किया।

## राहुल गांधी पर मानहानि केस में अब 14 को सुनवाई

सुल्तानपुर (उप्र) (भाषा)। एमपी-एमएलए अदालत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले की सुनवाई मंगलवार को टल गई। मंगलवार को गवाह से जिरह होनी थी, लेकिन गवाह के न आने पर अदालत ने अगली सुनवाई 14 जुलाई को निर्धारित की है। यह मामला वर्ष 2018 का है, जब भाजपा के नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री जशबीर S/o श्री ईश्वर सिंह पताः वीपीओ रोहना जिलाः सोनीपत हरियाणा ने एफआईआर संख्या 177/17 धारा 279/337/338 भा.द.स. एवं 3/181, 185 एंड 146/196 एमवी एक्ट के तहत** थानाः कंझावला, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्री जशबीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्री जशबीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 177/17 धारा 279/337/338 भा.द.स. एवं 3/ 181, 185 एंड 146/196 एमवी एक्ट के तहत थाना कंझावला, दिल्ली के उक्त श्री जशबीर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अपूर्व भारद्वाज**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**(उत्तरी वेस्ट) कोर्ट नं.113, प्रथम तल**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

DP/8408/RD/2025

**दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)**

**ई-निविदा सूचना**

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिनिष्ठि एवं अनुभवी ठेकेदारों को निम्नलिखित जॉब्स / सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है - 1) नट एवं बोल्ट्स, 2) आयरन एवं स्टील, 3) एमएस पाइप्स, 4) हार्डवेयर मैटेरियल, 5) फैब्रिकेशन जॉब्स, 6) जीआई/जीसीसी शीट्स, पुरलिन, गटर्स की डिस्मेंटलिंग और फिटिंग, 7) आईडी फैन इम्पैलर्स, 8) टरबाईन गवर्नर्स के स्पेयर्स और सर्विसिंग, 9) हाई प्रैशर वॉल्व्ज की रिपेयरिंग, सर्विसिंग और हाईड्रोलिक टेस्टिंग, 10) शीरा 20000 क्विंटल की बिक्री। विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल- **http://etenders.hry.nic.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 14.07.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। तकनीकी बोलियां 14.07.2025 को पूर्वा. 10.00 बजे खोली जाएंगी और वाणिज्यिक बोलियां 14.07.2025 को पूर्वा. 11.30 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 16.07.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद / बिक्री और जॉब वर्क सरकारी नीति के अनुरूप किए जाएंगे। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

संवाद-1039/11/86/2026/36149/सी/88/6 दि. 02.07.25 — हस्ता/- प्रबंध निदेशक

### और किसी का नामांकन नहीं

## समिक भट्टाचार्य का बंगाल भाजपा का अध्यक्ष बनना लगभग तय

कोलकाता (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य का पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई का अगला अध्यक्ष बनना तय है, क्योंकि बुधवार की समय सीमा तक किसी अन्य उम्मीदवार ने इस पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया है। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। भट्टाचार्य दोपहर में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के साथ भाजपा के सॉल्ट लेक स्थित कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी के एक नोटिस के अनुसार, नामांकन दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। उसके बाद शाम छह बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं और नामांकन पत्रों की छंटनी होगी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि चूंकि केवल भट्टाचार्य ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया है।

### महाराष्ट्र की राजनीति

## भाजपा में शामिल हुए राकांपा (एसपी) नेता व पूर्व विधायक हिरे

मुंबई (भाषा)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व विधायक अपूर्व हिरे सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि वह भाजपा की विकासशील दृष्टिकोण से प्रभावित हैं। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण और वरिष्ठ मंत्री चंद्रकांत पाटिल की उपस्थिति में मुंबई स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय में हिरे औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल हो गए। उत्तर महाराष्ट्र के नासिक से ताल्लुक रखने वाले राकांपा (एसपी) के पूर्व विधायक को हाल के दिनों में सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल में शामिल होने का अंदाजा लगाया जा रहा था और ये महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले ही हो गया। हिरे ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास में योगदान देने के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं।

### राजभवन में शपथ ग्रहण

## नवनिर्वाचित विधायक संजीव आज पंजाब सरकार में मंत्री बनेंगे

चंडीगढ़ (भाषा)। पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार का बृहस्पतिवार को मंत्रिमंडल विस्तार होगा जिसके तहत लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट के नवनिर्वाचित विधायक संजीव अरोड़ा को मंत्री बनाया जाएगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया बृहस्पतिवार दोपहर राजभवन में एक समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। अरोड़ा 19 जून को लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार भारत भूषण आशु को 10,637 मतों से हराकर विधायक चुने गए थे। आप विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के जनवरी में निधन के बाद इस उपचुनाव की जरूरत उत्पन्न हुई थी। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उपचुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि अगर अरोड़ा विधायक चुने गए तो उन्हें मंत्री बनाया जाएगा।

### दलाई लामा बोले

## तिब्बती बौद्ध परंपराओं से होगा चयन, चीन ने रख दी सदियों पुरानी 'स्वर्ण कलश पर्ची' की शर्त

नई दिल्ली(ब्यूरो)। भारत के हिमाचल-प्रदेश से दशकों से निर्वासन में अपनी सरकार चलाने वाले सर्वोच्च



तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा और चीन के बीच तकरार तो जगजाहिर है। लेकिन अब दोनों के बीच जिस मामले को लेकर वाद-विवाद उठ खड़ा हुआ है। उसका संबंध दलाई लामा की बढ़ती उम्र के चलते तिब्बती धर्मगुरु के उत्तराधिकारी के चयन को लेकर है। दलाई लामा का कहना है कि उत्तराधिकारी के चयन में तिब्बती बौद्ध परंपराओं की प्रधानता रहेगी। चीन की इसमें किसी तरह की कोई भूमिका नहीं होगी। चीन ने इस पर अपनी आंखे तरेरते हुए चयन के लिए न केवल सदियों पुरानी अपनी स्वर्ण कलश से पर्ची निकालने की शर्त रख दी है।

**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैः**

क) **कुल ग्यारह (11) स्टॉलः** दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, गन्नौर, करनाल, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, पानीपत, गुड़गांव, पटौदी रोड और रोहतक स्टेशनों पर।

ख) **कुल चौंतीस (34) ट्रालीः** जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बादली, बल्लभगढ़, दिल्ली किशनगंज, देवबंद, नरेला, ओखला, पालम, सकौती टांडा, शामली, टपरी, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, खेकड़ा, नांगलोई, खतौली, मुरादनगर, नोली, परतापुर, शकूरबस्ती, जुलाना, सांपला, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- गन्नौर, करनाल, पटौदी रोड, रोहतक, गुड़गांव, और मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर **ट्रॉली** स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैः-

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य / केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों / बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) / खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) / गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर / बुनकर / शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।


- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 08.07.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक / अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12 / 2022 एवं 09/2023 के तहत / अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइटः www.indianrailways.gov.in & URL:https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/ directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। **1994/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी व रिलायंस में रही बिकवाली

# विदेशी कोषों की बिकवाली से सेंसेक्स 288 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली दबाव और अमेरिकी शुल्क टाले जाने की समयसीमा समाप्ति की तारीख करीब आने के साथ सतर्क रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स 288 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक के नुकसान में रहा। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख ने भी धारणा को प्रभावित किया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 287.60 अंक की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 88.40 अंक की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और ट्रेंट शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''मिले-जुले वैश्विक संकेतों, खासतौर पर शुल्क छूट की समयसीमा की समाप्ति से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। बाजार का ध्यान धीरे-धीरे कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों पर है, जिससे काफी उम्मीदें हैं।''

> ■ टैरिफ शुल्क टाले जाने की समय सीमा करीब आने से निवेशक सतर्क

## दूध, दही से लेकर कपड़े, जूते और बर्तन हो सकते हैं सस्ते

नई दिल्ली(एजेंसी)। जल्द ही जीएसटी काउंसिल बड़े ऐलान कर सकती है। खबर है कि जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में जीएसटी का 12 फीसदी टैक्स स्लैब खत्म हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो दूध, दही, पनीर से लेकर 1000 रुपए से ऊपर के कपड़े, 1000 रुपए तक के जूते, प्रिजर्व्ड फिश, ईंट, क्लीन एनर्जी डिवाइसेज, कंडेंस्ड मिल्क आदि कई सामान सस्ते हो सकते हैं।

वैसे 12 फीसदी के टैक्स स्लैब में आने वाले कुछ सामानों को 18 फीसदी स्लैब में भी डाला जा सकता है। वैसे सरकार चाहती है कि रोजमर्रा के सामान को 5 फीसदी के टैक्स स्लैब में डाला जाए। अगर 12 फीसदी के टैक्स स्लैब को खत्म कर दिया जाता है तो कई एफएमसीजी सामान सस्ते हो सकते हैं।

> ■ 12 फीसदी के टैक्स स्लैब को कम कर 5 फीसदी पर लाने की चल रही कवायद

### 12 % जीएसटी स्लैब में आने वाली सेवाएं

होटल आवास (प्रति रात्रि किराया 7,500 रुपए तक), नॉन-इकोनॉमी क्लास में हवाई मार्ग से यात्रा परिवहन, कुछ निर्माण कार्य, कुछ मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज और कुछ व्यावसायिक कार्य शामिल हैं। मौजूदा समय में जीएसटी के तहत 4 टैक्स स्लैब रखे गए हैं। जिसमें 5 फीसदी का टैक्स स्लैब सबसे कम है। उसके बाद 12 फीसदी का टैक्स स्लैब है, जिसे खत्म करने की बात सामने आ रही है।

**Horticulture Department, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdesundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**कृषि उपकरण किराए पर उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र सुन्दरह में Custom Hiring Centre के अंतर्गत कृषि उपकरणों को किराए पर देने के लिए दिनांक 08. 07.2025 से बुकिंग शुरू की जा रही हैं। अतः आप सभी को अवगत कराया जाता है कि केन्द्र से किराए पर कृषि उपकरण उक्त दिनांक से लेकर जा सकते हैं।

कृषि उपकरणों की सूची एवं मूल्य का विवरणः-

| Sr. No. | Machinery/Items | Full day rent (Rs.) | Half day rent (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Power Tiller | 1800/- | 900/- |
| 2 | Post Hole Digger (Earth Auger) | 1000/- | 500- |
| 3 | Tractor Mounted Post Hole Digger | 7000/- | 3500- |
| 4 | Rotovator | 1800/- | 900/- |
| 5 | Tractor Mounted Spray | 4000- | 2000- |
| 6 | Mulch Laying Machine | 1800/- | 900/- |

जो भी किसान कृषि उपकरण को किराए पर लेना चाहते है वो दिए गए फोन नं० (9050084871, 9828499793) पर संपर्क कर उक्त उपकरण की बुकिंग करवा सकते हैं। अधिक जानकारी एवं नियम व शर्तों के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, महेन्द्रगढ़ कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

कृषि उपकरण बुकिंग के लिए आवश्यक दस्तावेजः-
- आधार कार्ड एवं परिवार पहचान पत्र (फैमिली आई. डी), की प्रति
- मेरी फसल मेरा ब्योरा (MFMB) के रजिस्ट्रेशन की प्रति

**उप-निदेशक उद्यान**
**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह**

पीआरडीएच-1149/11/861/2026/36151/88/6 दि. 02.07.2025

## इंडिगो की मुंबई से एम्स्टर्डम के लिए सीधी उड़ान शुरू

एम्स्टर्डम (भाषा)। सबसे बड़ी भारतीय एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने बुधवार को मुंबई से एम्स्टर्डम के लिए अपनी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने के साथ ही यूरोप में अपनी मौजूदगी का विस्तार किया। गुरुग्राम स्थित एयरलाइन ने इस साल मई में कहा था कि वह चालू वित्त वर्ष में लंदन, एथेंस और आठ अन्य अंतरराष्ट्रीय शहरों के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने पर विचार कर रही है। फिलहाल इंडिगो की 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ानें संचालित होती हैं। मुंबई से नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम के लिए उड़ान इंडिगो के बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान के साथ सप्ताह में तीन बार संचालित होगी। एम्स्टर्डम का शिफोल हवाई अड्डा दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है।

## सीयूईटी यूजी का रिजल्ट 4 जुलाई को होगा जारी

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी यूजी) 2025 की तारीख का ऐलान कर दिया है। एनटीए द्वारा एक्स पर बताया गया कि रिजल्ट 4 जुलाई को जारी होगा। छात्र अपना रिजल्ट सीयूईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकेंगे।

## पद्म पुरस्कारः नामांकन की अंतिम तारीख 31

नई दिल्ली। पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। इसके नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई तय की गई है। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 116 दिनांक 17/02/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना कुन्डली जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- सोनम।
पिता का नाम - ओमप्रकाश।
पता वासी गांव मठिया थाना लार जिला देवरिया यु.पी. हाल पियाउ मनियारी थाना कुन्डली जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र- लगभग 18 वर्ष।
कद- 4 फुट 8 इन्च।
हुलियाः- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, पतला-फुर्तिला शरीर
पहनावाः-सुट-सलवार पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 15/02/2025 को सोनम पुत्री ओमप्रकाश वासी गांध मठिया थाना लार जिला देवरिया यु.पी. हाल पियाउ मनियारी थाना कुन्डली जिला सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कही चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना-7419410537
अनुसंधान कर्ता मो0 न0-8053047698
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/3587/2026/36154/88/6 दि. 02.07.2025

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में पीएसडी सढ़ौरा (सढ़ौरा निर्वाचन क्षेत्र) के तहत 4 अदद विभिन्न सड़कों को चौड़ा करने और मजबूतीकरण का प्रावधान (आईडी 942, 987, 993, 996) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | 25.06.2025 05.07.2025 | 463.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | अम्बाला जिला 821 में एनएच-72 से एनएच-73 वाया धनाना खानपुर रसीदपुर और रामपुर तक लिंक रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (कार्य कार्यक्रम 2025-26) + 1 कार्य। | 25.06.2025 08.07.2025 | 1225.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 5 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 2, 8, 90, 94 और 189) (पार्ट-2) (ग्रुप-1)। | 28.06.2025 07.07.2025 | 366.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में सरस्वती नगर से राजकीय आई.टी.आई. सरस्वती नगर (कि.मी. 0.00 से 1.96) तक रोड का नया निर्माण। | 01.07.2025 10.07.2025 | 190.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में कलानौर में 50 बिस्तर वाले हस्पताल में आपातकालीन ब्लॉक के सहित ओपीडी का निर्माण (सीसीटीवी, एलएएन, ईपीएबीएक्स और फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 01.07.2025 08.07.2025 | 55.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | 1. हरियाणा मंत्री मकान नं. 24, सेक्टर-07, चण्डीगढ़ के लैंडस्केपिंग कार्य की विशेष मरम्मत। 2. हरियाणा मंत्री मकान नं. 239, सेक्टर-16, चण्डीगढ़ के लैंडस्केपिंग कार्य की विशेष मरम्मत। | 03.07.2025 09.07.2025 | 12.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 7 | जिला परिषद सोनीपत | बडखालसा ब्लॉक राई में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट का निर्माण + 1 कार्य। | 30.06.2025 07.07.2025 | 83.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in/hewp | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव करेवाड़ी, ब्लॉक सोनीपत में एससी चौपाल (हरिजन) का निर्माण + 3 कार्य। | 27.06.2025 07.07.2025 | 29.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168237223 sachin.sdopr@gmail.com |
| 9 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | सीओई, मुनीमपुर, झज्जर में लॉन, ओरनामेंटल गार्डन, रोज़ गार्डन और बोगेनविल्ला गार्डन का विकास। | 02.07.2025 09.07.2025 | ईएमडी 60,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |
| 10 | स्वास्थ्य विभाग कैथल | इंजेक्शन एंटीहेमोफिलिया की खरीद। | 02.07.2025 12.07.2025 | ईएमडी 20,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 11 | स्वास्थ्य विभाग पंचकूला | लैब रीजेंट्स और वस्तुएं। | 30.06.2025 08.07.2025 | ईएमडी 25,000 | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 12 | स्वास्थ्य विभाग पंचकूला | सामान्य कचरे हेतु ई-निविदा। | 02.07.2025 11.07.2025 | ईएमडी 25,000 | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/240/36173/I/88/6 दि. 02.07.25

चिंतन

# कोरोना वैक्सीन पर चल रही चर्चाओं पर लगे तुरंत विराम

बीते तीन सालों से कोरोना के दौरान लगाई गई वैक्सीन को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इन चर्चाओं की शुरुआत हार्ट अटैक के बाद अचानक हो रही मौत के बाद शुरू हुई। देश में एक के बाद एक हार्ट अटैक से मौत के मामले सामने आ रहे थे। हद तो तब हो गई, जब कर्नाटक के हासन जिले में एक महीने के अंदर 20 से अधिक लोगों की मौत हार्ट अटैक से हो गई। इनमें अधिकतर युवा थे। हासन का प्रशासन यह समझ नहीं पा रहा कि अचानक इतनी मौतें दिल की बीमारी से क्यों हो रही हैं। इस बीच मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने हार्ट अटैक और कोविड वैक्सीन की थ्योरी पेश कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कोविड वैक्सीन पर सवाल उठाए हैं। इसके बाद तो पूरे देश में कोविड वैक्सीन को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया। इससे न केवल आम आदमी के मन में डर का माहौल पैदा हुआ बल्कि वैक्सीन को लेकर भी कई तरह के सवाल खड़े हो गए, क्योंकि देश में 220 करोड़ वैक्सीन का प्रयोग किया गया ताकि देशवासियों को सुरक्षित रखा जा सके, लेकिन वैक्सीन को लेकर भ्रम पैदा होने के पीछे एक कारण यह भी रहा कि ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अप्रैल, 2024 में माना था कि उनकी कोविड वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि ऐसा बहुत दुर्लभ मामलों में ही होगा। एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोविशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई थी। ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है। इसके अलावा इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से एक रिपोर्ट लिखी। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं। इन लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं। शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स, खास तौर पर किशोरियों और किसी भी एलर्जी का सामना कर रहे लोगों को कोवैक्सिन से खतरा है। इसके बाद देश में हार्ट अटैक से मौतों को वैक्सीन से जोड़ने की चर्चाएं शुरू हो गई। अब इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने अपनी स्टडी में पाया कि देश में हार्ट अटैक से होने वाली अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह स्टडी 18 से 45 साल के लोगों की अचानक मौत पर आधारित है। कहा गया है कि भारत की कोविड वैक्सीन सेफ और इफेक्टिव है। इससे होने वाले गंभीर साइड इफेक्ट के मामले रेयर हैं। अचानक हुई मौतों की अन्य वजहें हो सकती हैं। इनमें जेनेटिक्स, लाइफस्टाइल, पहले से मौजूद बीमारी और कोविड के बाद के कॉम्प्लिकेशन शामिल हैं। भारत बायोटेक ने इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के सहयोग से कोवैक्सिन का निर्माण किया था। वहीं, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से कोविशील्ड बनाई थी। अब नई रिसर्च से साफ हो गया है कि वैक्सीन को अचानक हो रही मौतों से कोई लेना-देना नहीं है। इस तरह की चर्चाओं पर तुरंत विराम लगना चाहिए। ध्यान रखना चाहिए कि ऐसी बातें आम आदमी के मन में भय पैदा करती हैं, जो किसी भी तरह से देश व समाज के लिए अच्छा नहीं है।



शिक्षा का अधिकार
राजीव भारद्वाज

# ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ें

2024 के परीक्षा परिणामों के अनुसार देशभर में 10वीं और 12वीं कक्षा के करीब 50 लाख छात्र अगली कक्षा में नहीं पहुंच पाए। इनमें से कोई परीक्षा में असफल हुआ, तो कोई आर्थिक या पारिवारिक वजहों से परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सका। शिक्षा केवल किताबें पढ़ना नहीं है, यह जीवन को दिशा देने वाला सबसे बड़ा अस्त्र है। यदि हम हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ पाएं, तो न केवल उसका जीवन सुधरेगा, बल्कि देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। हर बच्चा पढ़ेगा, तभी भारत बढ़ेगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। अब समय है कि सरकार, समाज और हम सब मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए।

जब किसी देश के लाखों बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर हो जाएं, तो यह केवल एक शैक्षणिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी होती है। भारत के सभी 66 शिक्षा बोर्ड - 2024 के परीक्षा परिणामों ने एक ऐसी ही चिंताजनक तस्वीर सामने रखी है। 10वीं और 12वीं कक्षा के करीब 50 लाख छात्र अगली कक्षा में नहीं पहुंच पाए। इनमें से कोई परीक्षा में असफल हुआ, तो कोई आर्थिक या पारिवारिक वजहों से परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सका।

यह उन बच्चों की कहानी है जो शिक्षा से कटकर जीवन की मुख्यधारा से भी अलग हो गए। ऐसे में बड़ा सवाल है कि पढ़ाई से दूर होने वाले इन बच्चों को कैसे मुख्यधारा में जोड़ा जाए, कैसे इन बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम और बाल दुर्व्यापार और ऑनलाइन यौन शोषण जैसी समस्याओं से बचाया जाए? आखिर इस समस्या की जड़ कहां हैं, क्या है समाधान? शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 10वीं कक्षा में 22.17 लाख छात्र फेल हुए और 4.43 लाख ने परीक्षा में भाग नहीं लिया। वहीं, 12वीं कक्षा में 20.16 लाख छात्र फेल हुए और 4.6 लाख परीक्षा से अनुपस्थित रहे। इसके अलावा 9 लाख से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन के बावजूद परीक्षा में हिस्सा नहीं लिया। यानी कुल मिलाकर 50 लाख से अधिक छात्र पढ़ाई से दूर हो गए। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चे अपनी शिक्षा बीच में छोड़ने के लिए मजबूर हुए। यह सिर्फ उनका व्यक्तिगत नुकसान नहीं है, बल्कि समाज और देश के विकास के लिए एक गंभीर चुनौती है। शिक्षा से वंचित ये बच्चे न केवल अपने भविष्य से कट जाते हैं, बल्कि बाल श्रम, बाल विवाह, बाल दुर्व्यापार और बाल यौन शोषण जैसे खतरों की ओर भी धकेल दिए जाते हैं। समस्या की जड़ ड्रॉपआउट की समस्या का कारण केवल परीक्षा में असफल होना या किसी कारणवश परीक्षा छोड़ना ही नहीं है। इसकी जड़ें कहीं गहरी हैं और कारण भी अनेक हैं जैसे- आज की शिक्षा परीक्षा प्रणाली में सफलता का मानक अंकों पर आधारित है। यह दृष्टिकोण छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ाता है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास की कमी, तनाव और अवसाद जैसी समस्याएं जन्म लेती हैं जिससे कई बार वे इस सदमे से बाहर नहीं निकल पाते। वहीं गरीब परिवारों में बच्चों से काम करवाना या उनकी जल्दी शादी करवा देना आज भी सामान्य है। जबकि आज राज्य से लेकर केंद्र सरकार की अनेक योजनाएं हैं जो प्राइमरी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा व कौशल विकास में सहयोग करती हैं। लेकिन अक्सर काउंसलिंग के अभाव के चलते छात्र-छात्राओं को असफलता के बाद समुचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। वे नहीं जान पाते कि आगे क्या करें। इस तरह असमंजस की स्थिति में वे गलत रास्ते पर चल पड़ते हैं। शिक्षा से वंचित बच्चों के असामाजिक गतिविधियों में फंसने की संभावना ज्यादा रहती है। ऐसे में ड्रॉपआउट बच्चे शातिर गिरोहों, नशे और डिजिटल शोषण के शिकार बन सकते हैं।

इससे देश को कुशल मानव संसाधन का भी भारी नुकसान होता है। यदि यही ड्रॉपआउट बच्चे पढ़ाई जारी रखें तो वे अपने पैरों पर खड़े होकर देश के विकास में भागीदारी करेंगे और यदि हम उन्हें शिक्षा से जोड़ने में



विफल रहे, तो चुनौतियों से भरी हुई एक पीढ़ी को संभालना भी मुश्किल हो जाएगा।

आज के दौर में शिक्षा ही वह चाबी है जो बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त कर सकती है। सरकार ने अनेक योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को सर्वसुलभ बनाया है, लेकिन इनकी जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचना भी जरूरी है। यदि 12वीं तक की शिक्षा सभी के लिए पूरी तरह मुफ्त और अनिवार्य कर दी जाए, तो आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़ने की दर में भारी कमी आएगी। खासकर लड़कियों को स्कूल से जोड़ना, उन्हें बाल विवाह से बचाने का सबसे कारगर तरीका है। शिक्षा से बच्चों को न सिर्फ ज्ञान, बल्कि अपने अधिकारों के लिए खड़े होने की ताकत मिलती है। यदि जन-जागरुकता अभियानों के माध्यम से शिक्षा का महत्व समझाया जाए, तो सामाजिक सोच में बदलाव आएगा। असली बदलाव तब होगा जब समाज समझेगा कि हर लड़की को पढ़ने का अधिकार है। इसके अलावा समय-समय पर काउंसलिंग भी ड्रॉपआउट को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। ऐसा नहीं है कि इतनी बड़ी संख्या में ड्रॉपआउट बच्चों को फिर से जोड़ने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों या शिक्षा बोर्डों की है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। इसमें गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शिक्षाविद मिलकर बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। ऐसे ही नागरिक समाज संगठनों में सबसे प्रमुख नाम हैं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) जो बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। जेआरसी नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है, जो अपने 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठनों के साथ देश के 418 जिलों में बाल श्रम, बाल विवाह, बाल दुर्व्यापार और बाल यौन शोषण के खिलाफ कार्यरत है।

जेआरसी ने देशभर में लाखों बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करा कर उन्हें शिक्षा से जोड़ा है। साथ ही, इन मुक्त कराए गए बच्चों का पुनर्वास भी कराया है। क्योंकि यदि इनकी शिक्षा व सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए तो ये बच्चे गंभीर समस्याओं के दुष्चक्र में फंस जाएंगे। यह समय है जब हमें परीक्षा में फेल हुए या पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को केवल आंकड़ों की तरह नहीं, बल्कि एक संभावनाशील मानव संसाधन के रूप में देखना चाहिए। शिक्षा केवल किताबें पढ़ना नहीं है, यह जीवन को दिशा देने वाला सबसे बड़ा अस्त्र है। यदि हम हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ पाएं, तो न केवल उसका जीवन सुधरेगा, बल्कि देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। हर बच्चा पढ़ेगा, तभी भारत बढ़ेगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। अब समय है कि सरकार, समाज और हम सब मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। शिक्षा से वंचित ये बच्चे न केवल अपने भविष्य से बल्कि देश के विकास से भी कट जाते हैं। यह समय है जब सरकार, प्रशासन, समाज और प्रत्येक नागरिक को मिलकर एक समग्र रणनीति बनानी चाहिए। बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लचीली नीतियों, बेहतर काउंसलिंग और आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। हमें यह समझना होगा कि शिक्षा सिर्फ स्कूल जाने तक सीमित नहीं है, यह बच्चों के जीवन को दिशा देने वाला सबसे बड़ा हथियार है।

हर बच्चा अगर पढ़ेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। इसलिए यह हमारा नैतिक, सामाजिक और संवैधानिक कर्तव्य है कि हम सभी मिलकर इन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में वापस लाएं। इस समस्या से निपटने के लिए, सरकार और समाज को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। शिक्षा विभाग को सख्त निर्देश देने चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी बच्चा पढ़ाई छोड़कर घर न बैठे।

(लेखक बाल अधिकार कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. मोनिका शर्मा



# प्लास्टिक बैग से मुक्ति आमजन का बने संकल्प

प्लास्टिक की थैलियों के इस्तेमाल की अति आज गंदगी से अटी गलियों से लेकर बरसात में जल जमाव होने तक, बहुत सी समस्याओं की वजह बन रही है। सहजता और सुविधा के लिए बिना सोचे-समझे प्लास्टिक बैग्स का उपयोग और सही ढंग से निस्तारना न करना जल, थल और वायु प्रदूषण प्रदूषण का अहम कारण है। इस मोर्चे पर लोगों को जागरूक करने ने लिए हर वर्ष 3 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। प्लास्टिक प्रदूषण को लेकर सजगता लाने से जुड़ा यह दिन लोगों को प्लास्टिक बैग का उपयोग घटाने के लिए प्रोत्साहित करने का उद्देश्य लिए हैं। दरअसल, जल और जमीन को प्रदूषित करने वाली प्लास्टिक की थैलियां वन्यजीवों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कभी खाने तो कभी उलझने के लिए प्लास्टिक बैग बहुत से समुद्री जीवों का दम घोंट देते हैं। यह वाकई पीड़ादायी है कि हर साल 100,000 से ज़्यादा समुद्री जीव प्लास्टिक की थैलियों के कारण मारे जाते हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि अब 100 प्रतिशत शिशु समुद्री कछुओं के पेट में प्लास्टिक होता है। यहां तक कि इन्सानों के उपभोग के लिए पकड़ी गई 3 में से 1 मछली में भी प्लास्टिक होता है। इसका अर्थ है कि यह स्थिति मानव जीवन के लिए भी बड़ा जोखिम बन रही है। चिंतनीय है कि सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियां जीवन से हर पहलू के मुसीबत साबित हो रही है। जल हो या भूमि, हर जगह प्रदूषण फैलाती हैं। बावजूद इसके इन्सानों की सुविधा के लिए इनकी खपत बढ़ती ही जा रही है। ध्यातव्य है कि हर मिनट 10 लाख से अधिक प्लास्टिक थैलियां कूड़े में फेंकी जाती हैं। कुछ समय केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा कहा गया था कि हमारे यहां हमारे प्लास्टिक का इस्तेमाल दोगुना हो गया। यही प्लास्टिक देश के गली-मुहल्लों से लेकर नदी तालाब और समुद्र तक जा पहुंचता है। एक अकेले अमेरिका में ही प्रतिवर्ष लगभग 327 बिलियन प्लास्टिक बैग समुद्र में पहुंचते हैं। धरती के हर कोने में ही पृथ्वी का जीवन आधार कहे जाने वाले महासागर प्लास्टिक से अट गए हैं। चेतावनी देती इन स्थितियों को लेकर गंभीरता से सोचना आवश्यक है। जिस दर से हर साल समुद्र को प्लास्टिक से प्रदूषित किया जा रहा है, उससे समुद्री जीवन और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को होने वाले नुकसान की भरपाई लगभग नामुमकिन बात है। ऐसे में यह दिन लोगों को प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करने और प्लास्टिक रिसाइकिलिंग को लेकर आमजन को जागरूक करता है। फिलहाल दुनिया भर में उपयोग किए जाने वाली प्लास्टिक थैलियों में से केवल 10 फीसदी का ही रिसाइकिलिंग किया जाता है। तकलीफदेह है कि परंपरागत जीवनशैली वाले हमारे देश में भी एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग एक आम घरेलू वस्तु बन गए हैं। उपभोक्ताओं को खरीदी गई हर वस्तु प्लास्टिक बैग्स में ही दी जाती है। ये थैलियां खरीदारी के समय सुविधाजनक तो लगती हैं पर बरसों तक नष्ट नहीं होने के चलते पर्यावरण के हर हिस्से के लिए बड़ी चिंता बनी हुई हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियों को तो विघटित होने में 700 साल और पूरी तरह से खराब होने में 1000 साल लगते हैं। यह कूड़ा धरती के किसी ना किसी हिस्से को प्रदूषित कर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बनता है। प्लास्टिक की थैलियां लैंडफिल में लम्बे समय तक रह सकती हैं। ऐसे में समग्र परिवेश में कचरा जमा करने वाले प्लास्टिक बैग्स का सीमित और सूझबूझ एक साथ उपयोग करना आवश्यक है। विचारणीय है कि बार-बार उपयोग में आने वाला थैला इस मोर्चे पर मददगार बन सकता है। हमें सोचना होगा कि जमीनी जीवनशैली और जीवन से जोड़ता थैला आखिर क्यों गुम हो गया? डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग्स से मुक्ति पाने और ज्यादा से ज्यादा पर्यावरण के अनुकूल विकल्प के रूप में देखें तो बार-बार उपयोग किया जा सकने वाला थैला इंसानी जीवन और धरती दोनों को बचाने वाला साथी है। समझना मुश्किल नहीं कि मौजूदा जीवनशैली में यूज एंड थ्रो की संस्कृति की ओर झुकाव बढ़ा ही है। इस रुझान ने दुनिया के हर हिस्से में बसे लोगों में प्लास्टिक बैग्स का उपयोग बढ़ाया है। परंपरागत जीवनशैली और कम से कम चीजों को कचरा समझकर फेंकने वाले भारतीय समाज में भी यह आदत जड़ें जमा चुकी है, जबकि मूल रूप से हमारे परिवारों में पुरानी चीजों या सामानों का भी इस्तेमाल करने की रिवायत रही है। ऐसे में पृथ्वी को पॉलिथिन की गिरफ्त से मुक्त कराने में थैले के इस्तेमाल का सहज सा कदम बेहद प्रभावी साबित हो सकता है। सिंगल यूज प्लास्टिक बैग्स के इस्तेमाल में कमी लाने के लिए यह सबसे व्यावहारिक तरीका है। इसके लिए आमजन का सहयोग और सजगता सबसे जरूरी है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## गावत संतत संभु भवानी



संकलित
दर्शन

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं। सबके बीच संतुलन बनाकर भगवान महादेव चलते हैं।


## जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी संपत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहां-तहां भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची-नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### वन महोत्सव, वन वीक

भारत में एक सप्ताह की वृक्षारोपण वन महोत्सव की शुरुआत 1950 में देश के तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री केएम मुंशी ने की थी। इसका एकमात्र लक्ष्य हमारे वनों को उगाने और बढ़ाने के महत्व को फैलाना और वनों की कटाई के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस बार 2025 के वन महोत्सव, जो कि एक जुलाई से सात जुलाई 2025 तक मनाया जा रहा है, में हमें 'एक पेड़ मां के नाम' थीम को अपनाना चाहिए और न केवल पेड़ लगाकर बल्कि उनका पालन पोषण करके धरती मां के प्रति अपना प्यार और आभार प्राप्त करें। सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

*– प्रतीक अग्रवाल, महासमुंद*

## ट्रेंड

### खेल नीति को मंजूरी



पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी है, जो देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देने और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल है।

-जे.पी. नड्डा, प्रधानमंत्री

### आंदोलन, संघर्ष और सेवा



जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की यात्रा में बीते पांच दशकों में जो आंदोलन, संघर्ष और सेवा का इतिहास रचा गया है, उसी की परिणति है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुकी है। इस गौरवशाली यात्रा का आधार हमारे करोड़ों कार्यकर्ता हैं।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री


### शिक्षा के प्रति अन्याय



बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण की आड़ में स्कूलों को बंद करने वाला जो फैसला लिया गया है, वह गरीबों के करोड़ों बच्चों को दी जाने वाली सुगम व सस्ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति अन्याय है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### क्रिकेट का समर्थन



टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड में होना हमेशा खुशी की बात होती है, मैदान के आस-पास की हलचल से बढ़कर कुछ नहीं होता। एक ऐसा देश जो हर मायने में टेस्ट क्रिकेट का समर्थन करता है।

-रवि शास्त्री, भारतीय क्रिकेट कमेंटेटर

## करंट अफेयर

### पाक में पोलियो का एक और मामला उजागर



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो वायरस का एक और मामला सामने आया है जिससे देशभर में इस साल अब तक संक्रमित मामलों की कुल संख्या बढ़कर 14 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच), इस्लामाबाद की पोलियो उन्मूलन क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने बताया कि नया मामला प्रांत के उत्तर वजीरिस्तान जिले से सामने आया है, जहां 19 महीने के एक बच्चे में पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। इस नए मामले के साथ ही खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो के मामलों की कुल संख्या अब आठ हो गई है। इससे पहले इस साल सिंध में चार और पंजाब तथा गिलगित-बाल्टिस्तान में एक-एक मामले की पुष्टि हुई थी। पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ दुनिया के उन दो देशों में शामिल है, जो अब भी पोलियो से मुक्त नहीं हुए हैं। वायरस को खत्म करने के वैश्विक प्रयासों के बावजूद, सुरक्षा के मुद्दों, टीके लगवाने में हिचकिचाहट और गलत सूचना जैसी चुनौतियों ने बीमारी से उबरने की प्रगति को धीमा कर दिया है। इस साल पाकिस्तान में अब तक फरवरी, अप्रैल और मई में तीन देशव्यापी पोलियो रोधी अभियान चलाए जा चुके हैं। पाकिस्तान में पोलियो उन्मूलन प्रयासों को अक्सर सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## ऑफ बीट

### क्या बुरी खबरें परेशान करती हैं? समाचारों से कैसे जुड़ें



अगर आपको हाल के दिनों में लग रहा है कि समाचारों में नकारात्मकता कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है, तो आप अकेले नहीं हैं। इसके बावजूद, अधिकतर लोग समाचारों से खुद को अलग नहीं कर पाते और न ही करना चाहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि समाचारों से जुड़ाव जहां एक ओर दुनिया की घटनाओं को समझने में मदद करता है, वहीं दूसरी ओर इसका मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकता है। प्रश्न, समाचार क्यों कर रहे हैं मानसिक रूप से प्रभावित। हमारा मस्तिष्क सुरक्षा और अस्तित्व को प्राथमिकता देता है और खतरे की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया करता है। बार-बार नकारात्मक समाचार देखने से यह तंत्र सक्रिय हो जाता है, जिसे 'डूम-स्क्रॉलिंग' कहा जाता है, और यह मानसिक रूप से थकान पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि असंपादित या असंवेदनशील दृश्य, विशेषकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही त्रासदी की ग्राफिक फुटेज, पारंपरिक मीडिया की तुलना में अधिक मानसिक प्रभाव डालती है। शोध बताते हैं कि नकारात्मक समाचारों की अधिकता चिंता, अनिश्चितता और असुरक्षा की भावना को बढ़ा सकती है। कुछ मामलों में, यह 'विकेरियस ट्रॉमा' का कारण भी बन सकती है, जिसमें व्यक्ति बिना प्रत्यक्ष अनुभव के ही तनाव, अरुचिकर यादों और नींद की समस्या महसूस करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत गॉफ और ज्वेरेव पहले दौर में बाहर

एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट



नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या के कारण दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को 6-1, 6-7 (7), 6-2, 6-2 से हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा, 'मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की चमत्कारिक गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा।' ज्वेरेव को पहले दौर में 72वीं रैंकिंग वाले आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में चार घंटे 40 मिनट में 7-6 (3), 6-7 (8), 6-3, 6-7 (5), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था और वह ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में 18 बार तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। पिछले वर्ष विम्बलडन और इस साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्हें निकोलोज बेसिलशविली ने बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया में 126वें नंबर के खिलाड़ी और यहां क्वालीफायर बेसिलशविली अपने पिछले 31 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में केवल एक बार चौथे दौर तक पहुंच पाए हैं।

## गॉफ पहले दौर में बाहर

विंबलडन में मंगलवार को उलटफेर का दौर जारी रहा तथा महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार



गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 7-6 (3), 6-1 से हराया। इस तरह से विंबलडन में पहले दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (13 पुरुष और 10 महिला) दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे। दूसरे दिन बाहर होने वाले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ियों में 18वें नंबर के उगो हम्बर्ट, 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव, 28वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक और 30वें नंबर के एलेक्स मिशेलसन शामिल थे।

## युकी-गैलोवे की जोड़ी विम्बलडन पुरुष युगल के दूसरे दौर में, बोपन्ना बाहर

**लंदन।** भारतीय खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने बुधवार को यहां मोनाको के रोमेन अर्नेडो और फ्रांस के मैनुअल गुइनार्ड की जोड़ी पर सीधे सेट में जीत दर्ज करके विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया। सोलहवीं वरीयता प्राप्त भारतीय-अमेरिकी जोड़ी ने एक घंटे 49 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में अर्नेडो और गुइनार्ड को 7-6, 6-4 से मात दी। अब अगले दौर में युकी और गैलोवे की जोड़ी का सामना हालैंड के रॉबिन हासे और जीन-जूलियन रोजर की जोड़ी तथा अमेरिका के मार्कोस गिरोन और पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। लेकिन कई ग्रैंडस्लैम चैंपियन भारत के अनुभवी खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और बेल्जियम के सैंडर गिल की जोड़ी पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से सीधे सेट में 3-6, 4-6 से हारकर बाहर हो गई। वहीं खबर लिखे जाने तक एक अन्य भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलिपल्ली और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर और बेल्जियम के डेविड गोफिन से तीसरे सेट का टाई ब्रेकर खेल रहे हैं, तब स्कोर 6-4, 4-6, 6-6 था। भारतीय खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और उनके मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला पुरुष युगल के शुरुआती दौर में एलेक्जेंडर कोवासेविच और लर्नर टिएन की जोड़ी से भिड़ेंगे।

## खबर संक्षेप



### क्वितोवा ने विंबलडन को कहा अलविदा

**लंदन।** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिका की ऐमा नवारो के खिलाफ हार के साथ अपने पसंदीदा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की 35 साल की क्वितोवा को 10वीं वरीय नवारो के खिलाफ सीधे सेट में 3-6, 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2011 और 2014 में यहां खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है। भावुक क्वितोवा ने कहा, 'यह जगह मेरे लिए सबसे अच्छी यादें समेटे हुए है।' उन्होंने कहा, 'मैंने कभी विंबलडन जीतने का सपना नहीं देखा था और मैंने इसे दो बार जीता। यह बेहद खास बात है।' क्वितोवा ने कहा, 'मुझे विंबलडन की कमी खलेगी। मुझे टेनिस की कमी खलेगी, मुझे आप प्रशंसकों की कमी खलेगी लेकिन मैं जीवन के अगले अध्याय के लिए भी तैयार हूं।'

### एशियाई चैंपियन धाविका ज्योति याराजी चोटिल

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी को 'कुछ दिन पहले' ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई, जिससे सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए उनकी



उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली याराजी के पास सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है लेकिन हाल में लगी चोट उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड (12.78 सेकेंड) धारक याराजी ने लिखा, 'कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्यपूर्ण चोट लगने के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा।'

### सुधांशु मित्तल फिर चुने गए केकेएफआई के अध्यक्ष, विर्क नए सचिव

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता सुधांशु मित्तल बुधवार को फिर भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) के अध्यक्ष चुने गए जबकि उपकार सिंह विर्क इसके नए सचिव बने।



केकेएफआई की बैठक में हुए चुनाव की देखरेख सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश और निर्वाचन अधिकारी कामिनी लाउ ने की। महाराष्ट्र खो खो संघ के गोविंद शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। पंजाब खो खो संघ के विर्क पिछली संचालन संस्था में संयुक्त सचिव थे जबकि शर्मा कार्यकारी सदस्य थे। खो खो की संचालन संस्था में आठ उपाध्यक्ष और चार संयुक्त सचिव शामिल हैं। परिणामों की घोषणा के बाद मित्तल ने कहा, 'फिर से भारतीय खो खो महासंघ के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपा जाना सम्मान की बात है।'

## टेस्ट सीरीज : इंग्लैंड ने टॉस जीतकर किया गेंदबाजी का फैसला

# गिल का बतौर कप्तान लगातार दूसरा शतक, भारत के 5 विकेट पर 310 रन

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम



कप्तान शुभमन गिल की संयम से भरी लगातार दूसरी शतकीय पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को पांच विकेट पर 310 रन बना लिये। कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह के बगैर अंतिम एकादश में तीन हरफनमौलाओं को लेकर उतरी भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में संतुलित प्रदर्शन किया। लीड्स की ही तरह एडबस्टन की पिच भी बल्लेबाजों की मददगार है और बुमराह की गैर मौजूदगी में भारत को कम से कम 500 रन का स्कोर बनाना होगा। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर गिल 216 गेंद में 114 और रविंद्र जडेज 67 गेंद में 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। गिल ने शोएब बशीर को लगातार स्वीप शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। वह और जडेजा छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 99 रन बना चुके हैं। पहले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत ने 42 गेंद में 25 रन बनाये जबकि शार्दुल ठाकुर की जगह चुने गए नीतिश कुमार रेड्डी एक ही रन बना सके। अंतिम सत्र में ये दोनों बल्लेबाज आउट हुए। पंत को बशीर ने लांग आन पर जैक क्रॉली के हाथों लपकवाया। वहीं रेड्डी को क्रिस वोक्स ने बोल्ड किया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल शतक से चूक गए। दूसरे सत्र में स्टोक्स ने जायसवाल को शॉर्ट और वाइड गेंद पर विकेट के पीछे जैमी स्मिथ के हाथों लपकवाया। जायसवाल ने 107 गेंद में 13 चौकों की मदद से 87 रन बनाये। भारत ने दूसरे सत्र में 28 ओवर में जायसवाल का विकेट खोकर 84 रन बनाये।

### शुभमन ने कहा- तीसरे टेस्ट में खेलेंगे जसप्रीत बुमराह

**बर्मिंघम।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में टीम की अंतिम एकादश में वापसी करेंगे। बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे, जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। गिल ने यहां दूसरे टेस्ट के लिए टॉस के समय कहा, 'तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है। हमें लगता है कि उस पिच पर वह अधिक उपयोगी होंगे इसलिए हम उन्हें वहां इस्तेमाल करेंगे। 'गिल ने कहा, 'हम कुलदीप यादव को खिलाना चाहते थे लेकिन हमने बल्लेबाजी में गहराई के कारण यह फैसला किया। ' तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रृंखला के शुरू में घोषणा की थी कि बुमराह पांच में से तीन टेस्ट में ही खेलेंगे।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# हेडिंग्ली में दो शतक लगाकर छठे नंबर पर पहुंचे ऋषभ पंत

- 800 बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर
- हेडिंग्ली टेस्ट में पंत ने 134 और 118 रनों की शानदार पारियां खेली थीं

एजेंसी ▶▶| दुबई



हेडिंग्ली टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। पंत ने इस टेस्ट में 134 और 118 रनों की पारियां खेली थीं, जिससे रैंकिंग में उन्हें एक स्थान का फ़ायदा हुआ। हालांकि यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नहीं है। उन्होंने 2022 में टेस्ट रैंकिंग में पांचवां स्थान हासिल किया था। पंत के अब कुल 801 रेटिंग अंक हो गए हैं, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग अंक है। हालांकि वह अब भी नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज जो रूट से 88 अंक पीछे हैं। रूट ने हेडिंग्ली में पहली पारी में 28 और दूसरी पारी में नाबाद 53 रन बनाए थे। पिछले मैच में शतक लगाने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज़ बेन डकेट करियर की सर्वश्रेष्ठ 787 रेटिंग अंक के साथ आठवें स्थान पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ बारबाडोस टेस्ट में दोनों पारियों में अर्धशतक लगाकर तीन स्थान की छलांग लगाई और वह अब शीर्ष-10 में हैं। हेड ने पहली पारी में 59 और दूसरी पारी में 61 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई थी। हेडिंग्ली में पांच विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह गेंदबाज़ों की रैंकिंग में नंबर-1 पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जॉश हेज़लवुड ने बारबेडोस टेस्ट की दूसरी पारी में 43 रन देकर 5 विकेट झटके थे। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए। वेस्टइंडीज़ के जेडन सील्स ने पहली पारी में 60 रन देकर 5 विकेट लिए थे। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जाडेजा शीर्ष स्थान पर बरक़रार हैं। वहीं साउथ अफ़्रीका के वियान मुल्डर और कॉर्बिन बॉश ने ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ़ बुलावायो टेस्ट में गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन कर ऑलराउंडर्स की रैंकिंग के शीर्ष-20 में प्रवेश कर लिया है।

## निशानेबाजी

# भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में अंजुम और सौरभ



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन निशानेबाज अंजुम मौदगिल और सौरभ चौधरी हाल में देहरादून में राइफल और पिस्टल के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन और चार में अच्छे प्रदर्शन के बाद विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मेहुली घोष के साथ भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हो गए हैं।

भारत की शीर्ष महिला राइफल निशानेबाज और दो बार की ओलंपियन अंजुम अंतरराष्ट्रीय सत्र के पहले हिस्से में शिरकत नहीं कर पाई थीं, जिसमें तीन विश्व कप शामिल थे। लेकिन 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन के बूते वह ग्रुप ए (भारतीय टीम में चयन योग्य) के लिए एनआरएआई (भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ) की ताजा घरेलू रैंकिंग सूची में शीर्ष तीन में शामिल हो गई हैं। विश्व रिकॉर्ड धारी सिफत कौर सामरा (593.38 के औसत से) देश की शीर्ष रैंकिंग वाली थ्री पी महिला निशानेबाज बनी हुई हैं, उनके बाद आशी चौकसे (592.25) और अंजुम (591.68) का स्थान है। श्रीयंका (589.90), मेहुली (588.58) और सुरभि भारद्वाज (588.08) शीर्ष छह में मौजूद हैं।

### सौरभ 10 मीटर एयर पिस्टल में नंबर-1 भारतीय

एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी (583.93 के औसत) पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत के नंबर एक निशानेबाज बन गए हैं। उनके बाद आदित्य मालरा (582.75) और अनमोल जैन (582.33) हैं। अमित शर्मा (582), निशांत रावत (582) और सम्राट राणा (581.45) क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं। 2024 एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता मेहुली 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजों में 633.65 के औसत के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। उनके बाद एलावेनिल वलारिवन (633.28) और अनन्या नायडू (632.83) हैं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में सुरुचि 588.25 के औसत स्कोर के साथ पहले स्थान पर हैं। पेरिस ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर और सुरभि राव दोनों ने ट्रायल के बाद 578 का औसत स्कोर किया। मनु 588.65 के औसत स्कोर के साथ 25 मीटर पिस्टल रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। अनीश भानवाला 581.25 के औसत के साथ 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के शीर्ष निशानेबाज हैं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में मौजूदा एशियाई चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल 633.98 के औसत के साथ शीर्ष पर हैं।

# महिला टी20: अमनजोत और रोड्रिग्स ने लगाया अर्धशतक, दिलाई भारत को शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने इस तरह से मंगलवार की रात को मिली जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पिछले सप्ताह पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था। अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन का योगदान दिया, जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

### भारत की पारी की शुरुआत खराब रही

स्पिनरों की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में 7 विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही। जेमिमा और अमनजोत ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमारे लिए जीत का मंच तैयार हुआ।' भारत की पारी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (03), पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना (13) और कप्तान हरमनप्रीत (01) सभी पावरप्ले के अंदर डगआउट में लौट गईं। इसके बाद अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाने वाली रोड्रिग्स और अमनजोत ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी करके न केवल भारत को 31 रन पर तीन विकेट से उबारा, बल्कि बड़े स्कोर की नींव भी रखी। रोड्रिग्स 15वें ओवर में लॉरेन बेल की गेंद पर सोफिया डंकले के हाथों कैच आउट हो गईं।

## डोप टेस्ट से बचने के लिए चार एथलीटों पर लगा प्रतिबंध कम हुआ

**नई दिल्ली।** ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पूजा रानी, किरण, पंकज और चेलिमी प्रत्यूषा पर डोप परीक्षण से बचने के लिए लगाया गया चार साल का प्रतिबंध एक साल के लिए कम कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। यह चारों खिलाड़ी उन कई एथलीटों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.3 के तहत निलंबित कर दिया था। यह अनुच्छेद किसी खिलाड़ी के बिना किसी ठोस कारण के नमूना संग्रह के लिए पेश होने से बचने, मना करने या असफल होने से संबंधित है। पहली बार अपराध करने पर अधिकतम प्रतिबंध अवधि चार वर्ष है, लेकिन नाडा नियमों के अनुच्छेद 10.8.1 के तहत अगर खिलाड़ी अपना अपराध स्वीकार कर लेते हैं तो उनकी सजा कम की जा सकती है।

## श्रीकांत कनाडा ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे, आयुष हारे

**कैलगरी।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में हमवतन प्रियांशु राजावत को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन युवा आयुष शेट्टी हारकर बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पहले दौर के मैच में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 53 मिनट में राजावत पर 18-21, 21-19, 21-14 से जीत दर्ज की। श्रीकांत मई में मलेशिया मास्टर्स में उप विजेता रहे थे। वहीं दूसरे मैच में शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शेट्टी को 23-21, 21-12 से हराया।


नगर एवं ग्राम आयोजना निदेशालय, हरियाणा
नगर योजना भवन, प्लॉट नं. 3, ब्लॉक-ए, सेक्टर-18-ए, मध्य मार्ग, चंडीगढ़।
टेली-फैक्स: 0172-2548475, 0172-2549851,
ई-मेल : tcpharyana7@gmail.com, वेबसाइट www.tcpharyana.gov.in

ज्ञापन संख्या RCP-3/JD(GK)/2025/24123 दिनांक 25-06-25

सार्वजनिक सूचना

एफडीपी-2021 एडी बहादुरगढ़ के आधार पर तैयार की गई और 20.12.2007 को अनुमोदित की गई ड्राइंग नं. डीटीपी (जेएच) 208/2006 दिनांक 20.09.2006 वाले सेक्टर-3बी बहादुरगढ़ के सेक्टोरल प्लान और एफडीपी-2031 एडी बहादुरगढ़ के आधार पर तैयार की गई और 28.06.2016 को अनुमोदित की गई ड्राइंग नंबर डीटीपी (जेएच) 358/2016 दिनांक 17.03.2016 वाले सेक्टर-28, 28ए और 29 के सेक्टोरल प्लान्स के सम्बन्ध में एफडीपी-2041एडी, पंचायत भूमि, राजस्व रास्ता/जल निकाय/नाले आदि के प्रस्तावों पर विचार करने के बाद योजनाओं को नया रूप देने के आग्रह सहित अभ्यावेदन ग्राम पंचायत सांखोल और कसार से प्राप्त हुए हैं।

तदनुसार, ड्राइंग नंबर डीटीपी (जेएच)/741/2025 दिनांक 12.03.2025 वाले सेक्टर-28, 28ए और 29 तथा अंतिम विकास योजना-2041-एडी, बहादुरगढ़ के आधार पर तैयार की गई ड्राइंग नंबर डीटीपी(जेएच)/714/2024 दिनांक 10.10.2024 वाले सेक्टर-3बी के संशोधित सेक्टोरल प्लान्स को सरकार द्वारा 'सैद्धांतिक रूप से' अनुमोदित किया हुआ माना जाएगा। पूर्व में अनुमोदित किए गए सेक्टोरल प्लान्स के साथ-साथ 'सैद्धांतिक रूप से' अनुमोदित किए गए संशोधित सेक्टोरल प्लान्स की प्रतियां विभागीय वेबसाइट अर्थात www.tcpharyana.gov.in पर डाली गई हैं।

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संशोधित सेक्टोरल प्लान्स के प्रस्तावित संशोधन पर कोई आपत्ति/सुझाव है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों की अवधि के अंदर सेक्टर-1, रोहतक में स्थित वरिष्ठ नगर योजनाकार, रोहतक के कार्यालय में लिखित रूप में कारण बताते हुए अपनी आपत्ति/सुझाव दर्ज करा सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक : 25.06.2025 हस्ता/- (अमित खत्री, आईएएस)
स्थान : चंडीगढ़ निदेशक, नगर एवं ग्राम आयोजना, हरियाणा, चंडीगढ़

पीआरडीएच-1118/11/162/2026/36178/88/6 दि. 02.07.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के रखरखाव हेतु आकलन + 2 कार्य। | 09.07.2025 09.07.2025 | रु. 81,71,372/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36162/1/88/6 दि. 02.07.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | दस वर्ष के लिए एमसी रोहतक में रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे के प्रसंस्करण हेतु एजेंसी के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु आग्रह। | 01.07.2025 23.07.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36166/1/88/6 दि. 02.07.25

भारत-अमेरिका रिश्तों में जमी बर्फ पिघली

# जयशंकर की रणनीति से 10 वर्षीय सहयोग के फ्रेमवर्क पर बनी सहमति

वॉशिंगटन दौरे पर गए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कुछ ही घंटों के अंतराल में वहां विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री हेगसेथ और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से अलग अलग मुलाकात की। तीनों मुलाकातों का अपना व्यापक एजेंडा था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हाल के महीनों में भारत और अमेरिका के संबंधों में एक असहजता सी आ गई है। लेकिन पिछले 24 घंटों के दौरान दोनों देशों की सरकारों की तरफ से मौजूदा माहौल को दुरूस्त करने की गंभीर कोशिश होती दिखी है। बुधवार देर रात एक तरफ जहां विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बीच बैठक में अगले दस वर्षों के सहयोग के फ्रेमवर्क पर सहमति बनी तो दूसरी तरफ व्हाईट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता अब बस होने ही वाला है, इसके लिए दोनों देश एक दूसरे के आयात पर शुल्क भी घटाने को तैयार हैं।

**ट्रंप का ऐलान भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द**

**दोनों देशों एक दूसरे के आयात शुल्क को घटाने हो गए हैं तैयार**





अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो



अमेरिकी ऊर्जा मंत्री राइट

### पहलगाम हमले पर पाक के खिलाफ क्वाड देशों का खुला शंखनाद...


अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में बीते मंगलवार को चतुष्कोणीय देशों के समूह 'क्वाड' के विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी सबसे खास बात ये रही कि इसमें पहली बार अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर, जापान के विदेश मंत्री तकाशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग ने एकजुटता के साथ न केवल जम्मू-कश्मीर में हुए पाकिस्तान प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। बल्कि इस बर्बर हमले के आयोजकों, गुनहगारों और वित्तीय मददगारों को बिना एक पल गंवाए न्याय के कटघरे में खड़ा करने का आह्वान किया।

*अमेरिकी ऊर्जा मंत्री राइट और विदेश मंत्री रूबियो से मिले जयशंकर*

*अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो और ऊर्जा मंत्री राइट से मिलने के बाद जयशंकर ने कहा है कि दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को और विस्तार देने पर बात हुई है। इस बैठक में अमेरिका से ज्यादा पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद पर भी बात हुई है। वर्तमान में भारत अमेरिका के कच्चे तेल का एक बड़ा खरीददार देश है। भारत क्रूड के साथ ही अमेरिका से और ज्यादा गैस खरीदने को लेकर बात कर रहा है। इस महीने दोनों देशों में जो द्विपक्षीय निवेश समझौता (बीआइटी) होने वाला है उसमें भारत की तरफ से अमेरिकी पेट्रोलियम उत्पादों पर कम आयात शुल्क लगाने की राह खुलेगी।*

पटना में रक्षामंत्री राजनाथ का 'इंडिया गठबंधन' पर बड़ा हमला

# कांग्रेस और राजद को बस कुर्सी चाहिए, भाजपा की प्रेरणा सिर्फ राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजधानी पटना में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और राजद पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का सिर्फ एक ही मकसद है, किसी भी तरह सत्ता में बने रहना। इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य हर भारतीय नागरिक को सम्मानजनक जीवन देना और ऐसी नीतियां बनाना है जिससे समाज के हर वर्ग का विकास हो सके। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर किसी को स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। राजनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसे प्रभावी कदम उठाए हैं, जिनकी पहले कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।

सिंह ने दोहराया कि हर वर्ग को आत्म-सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करना भाजपा की प्राथमिकता है। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है।

**हमारा उद्देश्य- नागरिकों को सम्मानजनक जीवन देना, हर वर्ग का विकास करना**

## पीएम मोदी ने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया



उन्होंने कहा कि अगर वे सारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा करने लगेंगे तो बहुत लंबा समय लग जाएगा, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी नीतियां बनाई हैं जिनसे समाज के हर वर्ग को फायदा मिला है। ऐसा कोई वर्ग नहीं बचा जिसके लिए सरकार ने काम न किया हो।

**सभी को जीने का अधिकार प्राथमिकता**

राजनाथ ने दोहराया कि हर वर्ग को आत्म-सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और जल्द ही तीसरे स्थान पर होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को भरोसा रखना चाहिए कि बिहार भी तेजी से आगे बढ़ेगा और विकास की इस यात्रा में पीछे नहीं रहेगा।

### राजनाथ का ऐलानः नीतीश ही होंगे बिहार के सीएम



बिहार विधानसभा चुनाव की हलचल अब दिल्ली से पटना तक शुरू हो चुकी है। पटना पहुंचे रक्षा मंत्री सिंह ने बड़ा ऐलान किया और कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को विकसित बनाना है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए राजनाथ ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर है, हमारे मुख्यमंत्री हो या फिर डिप्टी सीएम हों इनके दामन पर कोई दाग नहीं, कोई माई का लाल ये साबित नहीं कर सकता।

प्रदेश कार्यसमिति की अहम बैठक

### कई अहम मुद्दों पर गहन मंथन किया

बिहार भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की अहम बैठक पटना में हुई। इसमें राजनाथ मुख्य अतिथि थे। बिहार में चुनाव है उस लिहाज से भी यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार करेगी। कार्यसमिति में 1,200 से अधिक प्रमुख नेता हिस्सा लिए जो पार्टी के भविष्य में अहम भूमिका निभाएंगे।

### लालू यादव के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास

आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव पर आरोप है कि उन्होंने बाबा साहेब का अपमान किया है। भाजपा इस मुद्दे को जोर-शोर से उठा रही है। बैठक में लालू यादव के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया गया। लालू ने जन्मदिन पर आंबेडकर की तस्वीर को अपने पैरों के पास रखा था।

### जायसवाल ने बताया लक्ष्य


बैठक का एक अन्य प्रमुख एजेंडा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव है। इसको लेकर दिलीप जायसवाल ने कहा कि कार्यसमिति इस दौरान एक नया संदेश देगी, जो बिहार की जनता को भाजपा के विजन और विकास के एजेंडे से जोड़ेगा। हमारा लक्ष्य बिहार को विकास के पथ पर और तेजी से ले जाना है। यह बैठक हमारी रणनीति को और मजबूत करेगी।

ईरान के राष्ट्रपति ने दिया आदेश

# अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग किया निलंबित

**दुबई।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने देश के महत्वपूर्ण परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद बुधवार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ सहयोग निलंबित करने का कथित तौर पर आदेश दिया। ईरान की संसद ने आईएईए के साथ सहयोग निलंबित करने के संबंध में एक कानून पारित किया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। इस कानून को संवैधानिक निगरानी निकाय की मंजूरी भी मिल गई है। विएना स्थित यह एजेंसी वर्षों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करती आ रही है।

### ... तो ईरान बना सकता है परमाणु बम!



ईरान और वैश्विक शक्तियों के बीच 2015 में हुआ परमाणु समझौता ईरान को 3.67 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन की अनुमति देता था, जो किसी परमाणु बिजली संयंत्र के संचालन के लिए पर्याप्त है, लेकिन यह हथियारों के निर्माण के लिए आवश्यक यूरेनियम (90 प्रतिशत) की मात्रा से बहुत कम था। ईरान तब से 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन कर चुका है। उसके पास इतना यूरेनियम भंडार भी है, जिससे वह चाहे तो कई परमाणु बम बना सकता है।

### ट्रंप ने समझौता खत्म किया

बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में अपने पहले ही कार्यकाल में एकतरफा तरीके से इस समझौते को खत्म कर दिया था। उन्होंने कहा था कि यह समझौता ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर लगाम नहीं लगाता है। समझौते के समाप्त होने के बाद से ही दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है।

## एफ-1, जे-1 वीजा वालों के लिए यूएस में निवास की अवधि सीमित होगी!

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अमेरिका का मौजूदा ट्रंप प्रशासन यूएस वीजा के मामले में दुनिया के किसी भी देश को कोई रियायत देने के मूड में नजर नहीं आ रहा है। बल्कि उनकी तरफ से इससे संबंधित नियमों को पहले के मुकाबले जितना हो सके उतना सख्त किया जा रहा है।
ताजा जानकारी के मुताबिक, अमेरिका का वीजा हासिल करने की इच्छा रखने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों, जिनमें भारतीय भी शामिल हैं। उन्हें आगामी वक्त में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के सख्त वीजा नियमों का सामना करना पड़ सकता है। जिसमें मुख्य रूप से एफ-1 (अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा) और जे-1 (एक्सचेंज विजिटर वीजा) वीजा वाले आवेदकों के लिए संभावना है कि उनका अमेरिका में प्रवास सीमित कर दिया जाए। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से अमेरिका में भारतीय छात्रों की कुल संख्या 3 लाख से अधिक है। जो कि दुनिया के किसी अन्य देश के मुकाबले यूएस में वैश्विक छात्रों की सबसे ज्यादा संख्या के रूप में जानी जाती है। इस लिहाज से उक्त निर्णय का भारत पर अधिक प्रभाव पड़ने की पूरी संभावना है।

### टिहरी में ट्रक पलटने से तीन कांवड़ियों की मौत, 18 घायल

**नई टिहरी (भाषा)।** टिहरी जिले में ऋषिकेश-गंगोत्री राजमार्ग पर बुधवार को कांवड़ियों को ले जा रहे एक ट्रक के पलट जाने से उस पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य घायल हो गए। नरेंद्र नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से कांवड़ियें उत्तरकाशी जिले के हर्षिल जा रहे थे और इस दौरान ये दुर्घटना हो गई।







खुशखबर... दो युद्ध रुकने की कगार पर!

# राष्ट्रपति ट्रंप बोले– इजराइल, गाजा में 60 दिन के सीजफायर को तैयार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इजराइल, गाजा में 60 दिन का सीजफायर करने को तैयार हो गया है। इस दौरान सभी पक्षों से मिलकर युद्ध खत्म करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि अगर उसने समझौते को नहीं माना तो हालात और बिगड़ जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि कतर और मिस्त्र इस समझौते का अंतिम प्रस्ताव हमास तक पहुंचाएंगे। ये दोनों देश लंबे समय से शांति लाने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि मेरे लोगों ने इजराइली अधिकारियों से गाजा को लेकर अच्छी बातचीत की। इजराइल 60 दिन के संघर्षविराम को मान गया है। अब हम सभी पक्षों से बातचीत कर जंग खत्म करने की कोशिश करेंगे।

### पहले 18 जनवरी को हुआ था सीजफायर



इजराइल-हमास के बीच 19 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण से एक दिन पहले सीजफायर हुआ था। जिसमें तीन फेज में दोनों पक्ष एक-दूसरे के बंधकों को रिहा करने पर सहमत हुए थे। सीजफायर का पहला फेज 1 मार्च को खत्म हो गया। इजराइल और हमास के बीच सीजफायर के दूसरे फेज पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है।

गुजरात हाईकोर्ट में चल रही थी सुनवाई

# बीयर पीने लगा वकील, जज भड़के अवमानना याचिका दर्ज

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात हाईकोर्ट में एक केस की वर्चुअल सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील को जज के सामने बियर पीते देखा गया, जिससे जज का गुस्सा भड़क गया और उन्होंने वकील के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेने का फैसला किया। यह मामला 26 जून का है, जब गुजरात हाईकोर्ट में जस्टिस संदीप भट्ट एक केस की वर्चुअल सुनवाई कर रहे थे। तभी हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील जज के सामने पेश हुए। इस दौरान उनके हाथ में एक कप था।

### *वर्चुअल माध्यम से पेश होने पर लगाई रोक*



*जज ने मामले पर सुओ मोटो एक्शन (स्वतः संज्ञान) लेते हुए अगले आदेश तक वकील की पेशी पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि अगला आदेश पारित होने तक संबंधित वकील वर्चुअल माध्यम से पीठ के सामने पेश नहीं हो सकेंगे।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25